WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 8 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 260 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नाम बड़े दर्शन छोटे वाली कहावत को चरितार्थ करने वाले जेएनयू में एक बार फिर वामपंथी छात्र संगठन से जुड़े विद्यार्थियों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की। समझ में नहीं आता कि यहां छात्र पढ़ाई करने जाते हैं या कब्र की खुदाई करने जाते हैं। सबसे सस्ती उच्च शिक्षा और नाममात्र शुल्क पर भोजन व आवास की सुविधा मिलने से यहां अधेड़ अवस्था तक कथित छात्र पढ़ते रहते हैं और अक्सर ढफली लेकर देश विरोधी नारे लगाते रहते हैं। अब समय आ गया है कि इससे पहले पानी सिर से ऊंचा हो जाये इन ढफली बाजों की तरीके से बैंड बजा दी जाये।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि की हासिल

राजधानी की आईपीएचएल देश की पहली एनक्यूएएस प्रमाणित प्रयोगशाला बनी

■ छत्तीसगढ़ ने स्थापित किया राष्ट्रीय मानक

रायपुर /नवप्रदेश। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जिला अस्पताल रायपुर स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडड्स का प्रमाणन प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखे पत्र में श्री नड्डा ने उल्लेख किया कि रायपुर आईपीएचएल देश में अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला बन गई है, जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य

की विश्वसनीय एवं क्वालिटी-अश्योर्ड डायग्नोस्टिक सेवाएँ प्रदान करने की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस उपलब्धि को राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और रायपुर जिला अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में जनविश्वास को मजबूत किया है और सेवा-प्रदाय के नए मानक स्थापित किए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा ने आगे कहा कि आईपीएचएल की स्थापना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अधोसंरचना मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह मिशन पूरे देश में स्वास्थ्य निगरानी, प्रयोगशाला नेटवर्क और आपदा तैयारी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मिशन का मूल उद्देश्य गुणवत्ता-सुनिश्चित, अस्पताल-विशिष्ट एवं रोग-विशिष्ट प्रयोगशाला निदान उपलब्ध कराना है। रायपुर आईपीएचएल को प्रदान किया गया यह प्रमाणन इस बात की पुष्टि करता है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम हाउस में जनदर्शन आज

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे से जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

'समुद्र प्रताप' से सुरक्षा व्यवस्था को मिली मजबूती: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) समुद्र प्रताप को बल के बेड़े में शामिल किये जाने को भारत के समुद्री सफ़र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा है कि इससे समुद्री क्षमताओं के क्षेत्र में देश का आत्मनिर्भरता का विजन और मजबूत हुआ है। श्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पोत के बल के बेड़े में शामिल होना रक्षा और समुद्री क्षमताओं के क्षेत्र में देश के आत्मनिर्भर भारत के विज़न को और सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है, तटीय निगरानी सशक्त होती है और भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। साथ ही, इसमें पर्यावरण-अनुकूल संचालन सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेशन से स्थायित्व के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता भी परिलक्षित होती है।

भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जतायी चिंता

लक्जमबर्ग (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है।उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया। लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में श्री जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया।

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट- कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं?

सुप्रीम कोर्ट बोला- कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे, बच्चों-बड़ों को काट रहे

नई दिल्ली/वार्ता। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की, 'जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं। मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है।

कल सोसाइटी में कोई भैंस ले आएगा, तो क्या करेंगे?: सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए।

कुत्तों को लेकर गेटेड कम्युनिटी कर सकें फैसला, होना चाहिए प्रावधान : सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुनवाई के दौरान 5 बड़ी बातें...

- बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि जो कुत्ता काटे उसकी नसबंदी की जा सकती है।
- इस पर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं।
- इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।
- कोर्ट ने कहा कि कुत्तों से दुर्घटनाओं का खतरा भी होता है। आप इसकी पहचान कैसे करेंगे? सुबह-सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आप नहीं जान सकते।
- कोर्ट ने सरकार से पूछा कि 2018 में एनिमल बर्थ कंट्रोल को लेकर सख्त निर्देश दिए गए थे। ये ठीक से लागू क्यों नहीं हुए। नियमों के पालन में देरी से जनता को नुकसान नहीं होना चाहिए।

सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दो अहम फैसले

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में जनरल कैटेगरी को लेकर हाल ही में दो ऐतिहासिक फैसले सुनाए हैं। देश की शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि अगर आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार बिना किसी रियायत या छूट का लाभ उठाए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों से बेहतर प्रदर्शन करता है, तो उसे जनरल या ओपन कैटेगरी में ही माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों फैसले में अपने पूर्व के रुख को ही दोहराया है। सुप्रीम कोर्ट के इन नए फैसलों का जनरल कैटेगरी पर असर कई स्तरों पर पड़ेगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के ये फैसले सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में मेरिट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने की नेतन्याहू से बात

आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से लड़ते रहेंगे

■ मोदी और नेतन्याहू ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा गाजा शांति योजना पर बात की

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत- इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इज़राइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत–इज़राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लडऩे के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री नेतन्याहू ने श्री मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वेनेजुएला अमेरिका को 30–50 मिलियन बैरल तेल देगा: ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा।

श्री ट्रंप ने लिखा, यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों

के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा।

यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को बड़े पैमाने पर हमले के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल बोले-

फर्क समझो सरजी ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर, इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने ङ्क पर 'फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया और कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था।

राहुल ने कहा- आपको वह समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में, सातवां फ्लीट आया, कई हथियार आए, एक एयरक्राफ्ट कैरियर भी आया। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक-दो नहीं, इस साल 19 युद्धपोत शामिल करेगी नौसेना

■ चीन की चुनौती को भारत का जवाब

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय नौसेना अपने इतिहास की सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस वर्ष 2026 में नौसेना 19 युद्धपोतों को कमीशन करने जा रही है, जो एक वर्ष में सबसे बड़ी वृद्धि होगी। पिछले वर्ष 2025 में नौसेना ने 14 जहाजों को कमीशन किया था, जिसमें एक पनडुब्बी भी शामिल थी। सूत्रों के अनुसार, यह उत्पादन गति इतिहास में अभूतपूर्व है और यह स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को दर्शाती है। ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2026 नौसेना के विस्तार का शिखर वर्ष

रहेगा। इस दौरान नीलगिरी श्रेणी के मल्टी-रोल स्टेल्थ फ्रिगेट्स की संख्या में भी इजाफा होगा। इस श्रेणी का अग्रणी पोत जनवरी 2025 में सेवा में आया था, जिसके बाद अगस्त 2025 में आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि का कमीशनिंग हुआ। चालू वर्ष में इस श्रेणी के कम से कम दो और पोत नौसेना में शामिल होने की उम्मीद है।

गरमा-गरमा

मुख्यधारा में लौटे

बंदूक से भरोसे की ओर बस्तर का सफर, -इनमें 7 लड़कियां, इन पर कुल 64 लाख रुपये का था ईनाम

सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया अत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर अंचल में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान को बुधवार को बड़ी सफलता मिली, जब 7 महिला समेत कुल 26 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का ऐलान किया। इन आत्मसमर्पित माओवादियों पर कुल 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

छत्तीसगढ़ शासन की 'नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 और सुकमा पुलिस द्वारा संचालित 'पूना मार्गेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान से प्रभावित होकर इन कैडरों

ने आत्मसमर्पण किया। यह आत्मसमर्पण रक्षित आरक्षी केंद्र, सुकमा में वरिष्ठ पुलिस व केंद्रीय बल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पीएलजीए से एरिया कमेटी तक सक्रिय रहे कैडर: आत्मसमर्पित माओवादी पीएलजीए बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुरक्षा कैंप और ऑपरेशन से टूटा नेटवर्क

अंदरूनी इलाकों में लगातार नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना, सघन नक्सल ऑपरेशन और बढ़ते पुलिस दबाव से माओवादी संगठन की कमर टूटती नजर आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि अब संगठन समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। पुलिस ने शेष नक्सलियों से भी अपील की है कि वे हिंसा छोड़कर शांति, विकास और सम्मानजनक जीवन के लिए 'पूना मार्गेम अभियान से जुड़ें।

आपको देश से निकाला जा सकता है

नियमों के उल्लंघन को लेकर भारतीय छात्रों को अमेरिका की चेतावनी

नई दिल्ली। अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को लेकर अमेरिकी दूतावास ने बुधवार को चेतावनी जारी की। दूतावास ने कहा कि किसी भी तरह के नियम उल्लंघन पर छात्रों को उनके देश से निकाला जा सकता है। अमेरिकी दूतावास ने स्पष्ट कहा कि अमेरिकी वीजा कोई अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष सुविधा है और वहां रहते हुए कानून तोडऩे पर गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने कहा, अमेरिकी कानून तोडऩे से आपके छात्र वीजा पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर आप गिरफ्तार होते हैं या किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, तो आपका वीजा रद्द किया जा सकता है, आपको निर्वासित (डिपोर्ट) किया जा सकता है और भविष्य में अमेरिकी वीजा मिलने से रोका जा सकता है। नियमों का पालन करें और अपनी यात्रा को खतरे में न डालें। अमेरिकी वीजा एक सुविधा है, अधिकार नहीं। यह चेतावनी ऐसे समय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा कार्यकर्ता हर मोर्चे पर सक्रिय रहे, लगातार होती रही मॉनिटरिंग

पायलट की नसीहतें बेअसर पूरे प्रदेश में एसआईआर पर कांग्रेसियों ने साध लिया मौन

■ न मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने पर आपत्ति की

■ फील्ड में नहीं निकले राहुल के मुद्दे को जमींदोज कर दिया

हनीफ निजामी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की समीक्षा बैठक 8 जनवरी को रायपुर में होने जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट प्रदेश में कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक से पहले ही कांग्रेस में कई सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल एसआईआर को लेकर पायलट की नसीहतों का पूरे प्रदेश में कोई असर नहीं हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर जमीनी कार्यकर्ता इस अभियान से दूर रहे।

पिछली बैठक में एसआईआर को लेकर पायलट ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये थे। गली-गली घूम-घूम कर मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने का अभियान चलाने कहा गया। एसआईआर को लेकर चली पूरी प्रक्रिया के दौरान नाम काटने-जोड़ने की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेसी चुप्पी साधे रहे। इसके उलट, भाजपा के पन्ना प्रभारी से लेकर विधानसभा प्रभारी चौकस रहे। एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहे। पूरी सक्रियता के साथ वोटर लिस्ट का काम करते रहे। पायलट की नसीहतों का केवल इतना असर हुआ कि शहर और जिला स्तर की बैठकें हो गई। बैठकों में एसआईआर को लेकर पायलट की नसीहत संगठन पदाधिकारियों को बता दी गई। संगठन पदाधिकारियों ने बमुश्किल एक या दो दिन मतदाताओं से कुछ देर संपर्क किया। फोटो खिंचवाई और घर जाकर बैठ गए। हालत इतनी बदतर रही कि एसआईआर के लिये विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किये गए थे। अधिकांश प्रभारियों ने भी सिर्फ अखबारों में बयानबाजी की। कई प्रभारियों ने तो कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक तक नहीं बुलाई। अपने प्रभार वाले क्षेत्र में जाने की जहमत भी नहीं उठाई।

यह हाल तब है जब देश में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मामले उठा रहे हैं। बावजूद, खुद को राहुल गांधी का सिपाही समझने वाले कांग्रेस नेता फील्ड पर उतरने की बजाय घर पर बैठे हैं। पूरे प्रदेश में कहीं पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची को लेकर कोई काम ही नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय स्तर के इस महाअभियान में एसआईआर को लेकर केवल रायपुर से निर्देश जारी किये। किसी भी स्तर पर समीक्षा नहीं की गई। ग्राउंड वर्क हो रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग नहीं की गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों समेत सामान्य कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के एसआईआर के मुद्दे को जमींदोज कर दिया।

वोटर लिस्ट के अंतिम प्रकाशन के बाद करेंगे प्रलाप: चुनाव आयोग ने लगातार राजनीतिक दलों से अपील की है कि निष्पक्षता के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया में सहयोग दें। सभी जिलों के कलेक्टरों ने भी बैठक बुलाकर और प्रेस बयान जारी कर राजनीतिक दलों से वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्य में सहभागिता की अपील की है। ताकि, किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए। इसके बावजूद कांग्रेसी मौन साधे रहे। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पूरे प्रदेश में 27 लाख वोटरों के नाम कटे हैं। इतनी तादाद में नाम कटने पर भी कांग्रेसियों ने अब तक फील्ड में उतरकर सत्यापन करने की कोई कोशिश तक नहीं की है। बड़ा सवाल ये है कि क्या प्रदेश के कांग्रेसी वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होने के बाद नाम कटने और जुड़ने को लेकर प्रलाप करेंगे।

इस तरह समझें कितने निष्क्रिय रहे कांग्रेसी

कांग्रेस संगठन ने राहुल गांधी के एसआईआर के मुद्दे की किस कदर धज्जियां उड़ाई, इसका अंदाज लगाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह जिले दुर्ग में कांग्रेस की गतिविधियों से समझा जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपक दुबे को दुर्ग शहर का प्रभारी बनाया गया। दीपक दुबे ने राजीव भवन में बैठक बुलाई। इसके बाद तीन दिन उन्होंने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ मतदाताओं से संपर्क किया। चौथे दिन दीपक दुबे ने बूथ में जाकर बीएलओ से प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके अलावा कोई और काम नहीं किया गया। दुर्ग शहर के पड़ोसी वैशाली नगर भिलाई क्षेत्र में एसआईआर का सबसे ज्यादा बुरा हाल रहा। यहां पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल को एसआईआर प्रभारी बनाया गया। धीरज ने यहां एक बार भी बैठक नहीं बुलाई। वैशाली नगर क्षेत्र में एसआईआर को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में कदम भी नहीं रखा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर भी पूरे एसआईआर अभियान के दौरान घर से बाहर नहीं निकले। मजे की बात ये है कि धीरज बाकलीवाल और मुकेश चंद्राकर को एसआईआर की निष्क्रियता का ईनाम भी मिल गया। धीरज बाकलीवाल को दुर्ग शहर अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। भिलाई शहर अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार मुकेश चंद्राकर की ताजपोशी कर दी गई। निष्क्रियता के आरोप के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पसंद के कारण सक्रिय कांग्रेस नेताओं की बजाय निष्क्रिय कांग्रेस नेताओं को ओहदे दे दिये गए।

युक्तियुक्तकरण के बाद नई जगह पर नहीं दी ज्वाइनिंग, डीईओ ने किया सस्पेंड

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के दौरान ज्यादा शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में ट्रांसफर कर पदस्थापना का आदेश जारी किया गया था। जारी आदेश में इन सभी को संबंधित स्कूलों में ज्वाइनिंग देने और अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया था।

तबादला होने के बाद भी इन सभी ने स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी। जिसके बाद डीईओ ने इन 10 सहायक शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया। डीईओ द्वारा जारी आदेश में सहायक शिक्षकों द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियमों के उल्लंघन माना गया है। आपको बता दें कि, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को चुनौती देते हुए कुछ शिक्षकों ने संभाग स्तरीय समिति के सामने अभ्यावेदन पेश किया था। इस पर सुनवाई के बाद समिति ने अभ्यावेदन को खारिज कर दिया था। समिति के फैसले के बाद भी शिक्षकों ने संबंधित स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी है।

इन शिक्षकों को किया सस्पेंड: गीता चौधरी, प्राथमिक शाला रिखीमुंडा, अजय कुमार मिश्रा, प्राथमिक शाला बांधपारा, सीमा सोनी, प्राथमिक शाला चठीरमा,अल्पना गुप्ता, प्राथमिक शाला हर्राटिकरा, मधु गुप्ता, प्राथमिक शाला बिसुनपुर, भीष्म सिंह, प्राथमिक शाला मुड़ापारा। अंजुला श्रीवास्तव, प्राथमिक शाला हर्राटिकरा, निर्मला तिर्की, प्राथमिक शाला दरिमा, बिंदु जायसवाल प्राथमिक शाला चिटकीपारा संकुल टपरकेला, गीता देवी, प्राथमिक शाला रजपुरीखुर्द।

शिक्षकों को हाईकोर्ट से भी लगा था झटका

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत किए गए तबादला आदेश को चुनौती देते हुए बड़ी संख्या में शिक्षकों ने बिलासपुर होई कोर्ट ने चुनौती देते हुए अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से याचिका दायर की थी। इनमें उत्तर छत्तीसगढ़ के शिक्षक भी थे। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने जिला व संभाग स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन पेश करने और समिति को नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद याचिकाकर्ता शिक्षकों ने समितियों के समक्ष अभ्यावेदन पेश किया था। कुछ शिक्षकों के अभ्यावेदन को स्वीकार करते हुए समिति ने उनके पक्ष में निर्णय सुनाया था।

न्यूज गैलरी

बिना परमिट ले जा रहे 675 बोरा धान से भरा ट्रक जब्त

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरी में सिहावा क्षेत्र के अंतर्गत बोराई एवं उड़ीसा बॉर्डर से कुछ ही दूरी पर बस्तर सीमा से लगे केशकाल क्षेत्र में खाद्य विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ग्राम मछली से गोविंदपुर जाने वाले मार्ग पर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान एक ट्रक में कुल 675 बोरा धान लदा पाया गया। मौके पर धान परिवहन से संबंधित कोई भी वैध अनुज्ञा (परमिट) प्रस्तुत नहीं की जा सकी। ट्रक पकड़े जाने के तत्काल बाद अनुज्ञा काटे जाने की जानकारी सामने आई, जिसे खाद्य विभाग द्वारा अमान्य घोषित किया गया। नियमानुसार धान सहित ट्रक को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए धान की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 13 हजार रुपये आंकी गई है। उक्त कार्रवाई केशकाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेराजपुर विकासखंड के विश्रामपुरी-मछली मार्ग के पास की गई। खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह पाया गया कि रोशन ट्रेडर्स, बोराई-नगरी (प्रोपराइटरः पदम भंसाली) द्वारा बिना अनुज्ञा के धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था।फिलहाल धान से भरे जप्त ट्रक को कोंडागांव जिला के विश्रामपुरी थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि, अवैध भंडारण और परिवहन के मामलों में भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

एक दर्जन गांवों में छाया रहा अंधेरा

कोरबा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। कनकी फीडर में तकनीकी खामी आने की वजह से पूरी रात एक दर्जन गांवों में अंधेरा छाया रहा और सुबह हुई तब जाकर विद्युत व्यवस्था को किसी तरह बहाल किया जा सका इसके बाद भी व्यवस्था सही नहीं हो पाई थी और अगले दिन फिर से कई बार बिजली की आंख मिचौली बदस्तूर जारी रही। जिससे क्षेत्र के स्थानीय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि कनकी फीडर को पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा से विद्युत आपूर्ति की जाती है बताया जाता है कि सोमवार की रात कनकी फीडर में अचानक तकनीकी खामियां जाने की वजह से कनकी फीडर के अंतर्गत आने वाले लगभग एक दर्जन गांव कनकी, खैरभवना, तरदा, बाता बिरदा सहित अन्य गांव में अंधेरा छाया हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को देर रात ही इसकी सूचना दी थी लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जिसके चलते एक दर्जन गांव में पूरी रात अंधेरा छाया रहा।

खरीदी केंद्र में मिला मिलावटी धान, 10 हजार बोरे को किया जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के कृषि प्रधान जिले बेमेतरा में धान खरीदी जारी है। इस बीच यहां के धान उपार्जन केंद्र ग्राम गाड़ाडीह में मिलावट का मामला सामने आया है। दरअसल, जिला प्रशासन की टीम द्वारा उपार्जन केंद्र में रखे गए 5 स्टैक मोटा धान की जांच की गई, जिसमें पुराना धान व अमानक श्रेणी का नया धान मिश्रित रूप में पाया गया। गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर टीम ने कुल 10 हजार बोरे धान को अस्थायी रूप से जब्त कर उनके परिवहन पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा, पारदर्शी उपार्जन प्रक्रिया सुनिश्चित करने व शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के पालन हेतु की गई है। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि धान की गुणवत्ता मानक से कम है, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के पश्चात संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियम अनुसार कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

चुनाव आयोग को मिले 12 हजार 339 मतदाता संदिग्ध, नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में हाल में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) अंतर्गत 12 हजार 339 मतदाता संदिग्ध मिले हैं। इन मतदाताओं को अब दस्तावेज दिखाने होंगे। ऐसे लोगों को आयोग के ईआरओ/एईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) ने नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल, ये वो लोग है जो, सर्वे के दौरान जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में नो-मैपिंग श्रेणी में आए हैं। इनके परिजन का नाम 2003 की सूची में नहीं है। इन वोटर्स को निर्वाचक नामावली में अपना नाम बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज के साथ नियत तिथि, समय व स्थान पर संबंधित अधिकारी के समक्ष सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। इसमें विधानसभा क्षेत्र साजा में 2 हजार 808, बेमेतरा में 3 हजार 715 व नवागढ़ में 5 हजार 816 वोटर्स है। ये वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना अथवा माता/पिता का नाम शामिल होने से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं।

पिता की स्मृति में बच्चों को दिया उपहार, बैग पाकर खिले बच्चों के चेहरे

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानों की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने अपने पिता स्वर्गीय मोतीचंद संचेती की स्मृति पर स्कूलों बच्चों को बैग बांटी गई। कक्षा पहली और दूसरी के 28 बच्चों को स्कूल बैग उपहार में दिया। इससे बच्चे बहुत खुश हुए। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि, कुछ दिनों से देख रही थी कि कुछ बच्चों के पास अच्छे बैग नहीं थे, कुछ के बैग फटे थे तो कुछ के पास बैग ही नहीं थे। अतः दिसंबर माह के पेमेंट से शिक्षिका ने इन बच्चों को ये उपहार प्रदान किया। इसके पहले भी शिक्षिका बच्चों को कॉपी, पेन, स्लेट, पहाड़ा, संकलन पुस्तिका आदि भेंट कर चुकी हैं। उन्होंने ने कहा कि, उनके अनुसार शाला और स्वास्थ्य के लिए हमें हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अपने जन्मदिन और बच्चों के जन्मदिन पर भी शिक्षिका इसी तरह का आयोजन करती हैं। उपहार पाकर बच्चे बहुत ही खुश हुए उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त की। समुदाय को भी ऐसे कार्यों से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने समुदाय से भी इस तरह के कार्यों एवं सहयोग की अपेक्षा की है ताकि बच्चों एवं शाला का भी सर्वांगीण विकास हो सके।

दंतैल हाथी का उत्पात दो दिनों में 8 घरों को तोड़कर खा गया राशन, अलर्ट जारी

■ जंगली दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां दंतैल जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है, जिसके कारण पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गंभीरता की बात है कि, दो दिनों में अकेले जंगली हाथी ने 8 घरों को तोड़ डाला। आपको बता दें कि, 6 जनवरी को सोमवार की रात नारायणपुर में चार घरों को तोड़ा था। घर में रखें टीवी समेत अन्य उपकरण को भी टॉड डाला।फिर बीती रात यानि मंगवार को सुसडेगा में चार घरों को तोड़ा। इतना ही नहीं, हाथी ने दोनों घरों में रखें धान को भी चट कर लिया। घर में सो रही मां बेटी हाथी के चपेट में आने से बाल-बाल बचीं।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम: इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद हुए। जिसके बाद वन अमला ने हाथी प्रभावित क्षेत्र में निवासरत लोगों को खाली कराया। यह पूरा मामला पत्थलगांव वन परिक्षेत्र का है। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी भय का माहौल बन गया है। फिलहाल, वन विभाग की टीम सूचना के आधार पर ग्रामीणों को सावधानी बरतने को कहा है।

अबूझमाड़ मैराथन 31 जनवरी को

मंत्री कश्यप ने आफिशियल टी-शर्ट का किया विमोचन, 8 से 10 हजार एथलीट होंगे शामिल

नारायणपुर/नवप्रदेश। मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सर्किट हाउस में 'अबूझमाड़ महोत्सव' के अंतर्गत होने वाली इस प्रतिष्ठित मैराथन की आधिकारिक टी- शर्ट का विमोचन किया। ऊंचे पर्वतों, घने जंगलों और अबूझमाड़ की मावली माता की पावन धरती के बीच यह दौड़ बस्तर को पांचवीं बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने जा रहा हैं।

अबूझमाड़ के गांवों में सुबह अब अलग तरह से होती है। जंगलों से उठती धुंध के बीच अब केवल सन्नाटा नहीं, बल्कि दौड़ते कदमों की आहट सुनाई देती है। कभी डर और अलगाव की पहचान रहे इस इलाके में अब अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारी गांव-गांव उत्सव का रूप ले चुकी है।

नक्सल हिंसा से उबरते अबूझमाड़ क्षेत्र में शांति, विकास और खेल भावना का संदेश देने वाली अबूझमाड़ पीस हॉफमैराथन का पंचम संस्करण 31 जनवरी को नारायणपुर में आयोजित किया जाएगा। 15 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि वाली यह दौड़ गांवों के युवाओं के लिए सपनों का रास्ता भी बन गई है। हर साल 8000 से 10000 धावक यहां पहुंचकर अबूझमाड़ की कहानी अपने साथ दुनिया तक ले जाते हैं।

अधिकारियों को दिए निर्देश- सभी खेल सुविधाओं को मानक अनुरूप विकसित किया जाए

खेल स्थलों का निरीक्षण, किरण देव ने बोले-जगदलपुर में होगा खेल सुविधाओं का विस्तार

■ किरण देव ने बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट मैदान का किया निरीक्षण, समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग की खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधायक किरण देव ने अधिकारियों सहित जगदलपुर में चल रहे प्रमुख खेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट और टाउन हॉल परिसर के पीछे विकसित हो रहे बॉक्स क्रिकेट मैदान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण टीम ने बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान की निर्माण स्थिति, तकनीकी पहलुओं और आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने तथा निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।

बस्तर में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच: निरीक्षण के दौरान यह बात स्पष्ट की गई कि बस्तर में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है आधुनिक सुविधाओं, बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी माहौल की। निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान के तैयार होने से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास, प्रतियोगिताओं और कौशल विकास के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इससे बस्तर की खेल संस्कृति को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति

निरीक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के साथ रामाश्रय सिंह, गोविंद इनाणी, पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी, नगर निगम कार्यपालन भियंता गोपाल भारद्वाज, अमर कश्यप, सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के प्रमुख निर्देश

■ बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान को निर्धारित समय-सीमा में पूरी तरह तैयार किया जाए। ■ निर्माण गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न हो, इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। ■ सभी खेल सुविधाओं को मानक अनुरूप विकसित किया जाए। ■ परिसरों को जल्द से जल्द युवाओं के उपयोग हेतु तैयार किया जाए, ताकि स्थानीय खिलाड़ी लाभान्वित हो सकें।

विकसित भारत का सपना तभी साकार, जब हर हाथ में हो काम, परिवार को मिले सम्मानजनक जीवन: अमर

जीरामजी जनजागरण अभियान पर अमर का कांग्रेस पर हमला, विकसित भारत के संकल्प के साथ 125 दिन रोजगार की गारंटी का दावा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने विकसित भारत के विजन को देश की आत्मा से जुड़ा संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल योजना नहीं, बल्कि किसान, मजदूर और गरीब वर्ग के जीवन में स्थायित्व और सम्मान लाने का प्रयास है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भ्रामक प्रचार फैलाने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला।

अमर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्राथमिकता हमेशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रही है। वीबी-जी रामजी योजना इसी सोच का विस्तार है, जिसके माध्यम से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर हाथ को काम और हर परिवार को सम्मानजनक जीवन मिलेगा। विधायक ने बताया कि नए मसौदे में रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को अधिक आर्थिक संबल मिल सके। साथ ही मजदूरी भुगतान की समयसीमा तय करते हुए इसे सात दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव गरीबों के लिए भरोसे और सुरक्षा की मजबूत गारंटी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महात्मा गांधी के विचारों को सिर्फ नाम तक सीमित रखा। आज पार्टी में गांधी परिवार के अलावा किसी और का अस्तित्व नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता को भ्रमित कर विकास विरोधी राजनीति कर रही है।उन्होंने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम और भ्रष्टाचार से मुक्त बनाया गया है। डिजिटल व्यवस्था के जरिए निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि हर लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे। यह योजना आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को जमीन पर उतारने का मजबूत माध्यम बनेगी। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा, भाजपा शहर अध्यक्ष दीपक सिंह और ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि जनजागरण अभियान के जरिए आम लोगों को योजनाओं की सच्चाई और उनके अधिकारों से अवगत कराया जाएगा, ताकि विकसित भारत का सपना जनभागीदारी से पूरा हो सके।

20 सालों में अनेक योजनाएं आएंगे धरातल पर

छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार ने आज यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि आने वाले दशक में बिलासपुर राज्य का अगला ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक ने बिलासपुर के समग्र विकास के लिए बड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में सिम्स के नए अस्पताल भवन के लिए एएस जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार हेतु डिफेंस को राशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई, साथ ही एयरपोर्ट के अन्य विकास कार्यों एवं नाइट लैंडिंग सुविधा शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही बिलासपुर में कैंसर अस्पताल हेतु टाटा मेमोरियल अस्पताल से चर्चा करने, कानन पेंडारी के सामने अंडरपास निर्माण, कोनी से बिरकोना-खमतराई-बहतराई मार्ग निर्माण, 24म7 जल आपूर्ति योजना की डीपीआर तैयार करने तथा अरपा साडा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।खारंग जलाशय में पाराघाट व्यपवर्तन योजना हेतु 328 करोड़ रुपये, नगर निगम क्षेत्र में अरपा नदी के एसटीपी एवं ड्रेनेज कार्यों हेतु 252 करोड़ रुपये तथा शहर की जलभराव समस्या के समाधान के लिए आपदा प्रबंधन निधि से 150 करोड़ रुपये देने पर सहमति बनी।

न्यूज गैलरी

नागरिक सहकारी बैंक में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव 10 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैंक की प्रथम सम्मिलन एवं निर्वाचन 10 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे से बृहस्पति बाजार स्थित सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित भवन (बैंक कार्यालय के ऊपर) आयोजित होगी। जिसके लिए गणपूर्ति आवश्यक है। निर्वाचन के अंतर्गत अध्यक्ष के एक पद तथा उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर, जिला सहकारी संघ मर्यादित बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन मर्यादित रायपुर के प्रतिनिधियों का भी चयन किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र सुबह 11.30 बजे से 12 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। इसके बाद 12 से 12.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 12.30 से 1 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो 1.30 से 2.30 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

जल संरक्षण बनेगा जनआंदोलन, कर्रा में मिशन जल रक्षा का महाअभियान आज

प्रशासन, एनटीपीसी, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की भागीदारी से कर्रा बनेगा जल चेतना का मॉडल गांव

सीपत/बिलासपुर/नवप्रदेश। तेजी से गिरते भूजल स्तर को थामने और जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मिशन जल रक्षा के तहत एनटीपीसी सीपत के प्रभावित ग्राम कर्रा में आज गुरुवार सुबह 11 बजे एक विशाल जनजागरूकता महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल जल संरक्षण बल्कि समाज सुधार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर एक साथ सशक्त संदेश देने वाला माना जा रहा है। इस बहुआयामी जागरूकता अभियान में जल संरक्षण के साथ-साथ नशा मुक्ति, साइबर फ्रॉड से बचाव, यातायात नियमों के प्रति सजगता, डिस्पोजल मुक्त गांव की अवधारणा तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल जानकारी दी जाएगी, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष भागीदारी के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल तथा एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल की विशेष उपस्थिति रहेगी। इनके साथ ही जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य, सरपंच, पंचायत सचिव, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य हर बूंद की कीमत समझाते हुए जल संरक्षण को व्यवहार में उतारना, युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने का संदेश देना, साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से सावधान करना, सड़क सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार नागरिक तैयार करना तथा स्वच्छ, डिस्पोजल मुक्त और पर्यावरण-संवेदनशील ग्राम पंचायत की दिशा में ठोस पहल करना है।अधिकारियों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन, उदाहरणों के माध्यम से समझाइश और स्थानीय स्तर पर समाधान सुझाए जाएंगे। ग्रामीणों से आह्वान किया जाएगा कि वे प्रशासन के साथ मिलकर इन अभियानों को स्थायी सफलता तक पहुंचाएं।

प्रशासन व एनटीपीसी की सराहनीय पहल

मिशन जल रक्षा के माध्यम से जिला प्रशासन और एनटीपीसी सीपत द्वारा सतत विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों के संरक्षण की दिशा में यह पहल एक मील का पत्थर साबित होने जा रही है। कर्रा ग्राम को इस अभियान के माध्यम से जल चेतना और सामाजिक जागरूकता का उदाहरण बनाने की दिशा में यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'चावल उत्सव' व उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 2 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक खाद्य विभाग की गतिविधियों के लिए विशेष सप्ताह निर्धारित है। इस विशेष सप्ताह में 'चावल उत्सव' एवं 'उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में जिले की प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान में दुकान संचालक एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में रजत जयंती चावल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। साथ ही माह जनवरी 2026 का खाद्यान्न हितग्राहियों को वितरित किया जा रहा है। खाद्य विभाग द्वारा शेष राशनकार्डधारियों एवं हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में सूचना बोर्ड, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी एवं चावल उत्सव पंजी को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि रिकॉर्ड अद्यतन रहे और पारदर्शिता बनी रहे। उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उचित मूल्य दुकानों पर बैनर भी प्रदर्शित किए गए हैं। जिले में कुल 695 शासकीय उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं, जिनके माध्यम से 5 लाख 67 हजार 317 राशनकार्डधारी परिवारों के 18 लाख 29 हजार 280 सदस्यों एवं हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र के विद्युत विकास में महिला कर्मियों की भूमिका अहम

■ ऊर्जा क्षेत्र के जोखिमपूर्ण कार्यों में महिलाओं की समान भागीदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के विद्युत विकास की गाथा में पुरूश कर्मियों के साथ- साथ महिला कर्मियों की भी अहम भूमिका रही है। वे निरंतर कंधे से कंधा मिलाकर जोखिमपूर्ण कार्यों का निशपादन बडी सहजता के साथ कर रही हैं। वह कार्य चाहे डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी, ट्रांसमिषन कंपनी या उत्पादन कंपनी की हो। सभी कंपनी में महिला कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र अथवा दूर्गम पहाडी क्षेत्रों में भी दिन-रात उपस्थित होकर सदैव विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा में तत्पर रहकर कार्य करती हैं।

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र में महिलाओं के कर्तव्य और भूमिकाएं सामान्यतः विद्युत क्षेत्र के नियमों, कंपनी के दिशा-निर्देशों और विभागीय नीतियों के तहत होते हैं, जिसमें तकनीकी, प्रशासनिक और ग्राहक सेवा के क्षेत्र षामिल हैं, बिजली वितरण, रखरखाव, और नए कनेक्शन से जुड़े कार्यों में महिला इंजीनियर और तकनीशियन शामिल हो सकती हैं। कार्यालयीन कार्यों, बिलिंग, ग्राहक सेवा, मानव संसाधन और प्रबंधन में महिला अधिकारी/कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी जानकारी देना, शिकायतों का निवारण करना और योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही बिजली बचाने और नई तकनीकों (जैसे स्मार्ट मीटर) के उपयोग के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करना। पॉवर कंपनी में महिलाओं के कर्तव्य कंपनी के कार्यक्षेत्र और उनकी विषेशज्ञता पर निर्भर करते हैं। सरकार की विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं के माध्यम से, महिलाएं न केवल सशक्त हो रही हैं, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाकर राज्य के विकास में योगदान दे रही हैं। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक ए.के. अम्बस्ट ने बताया कि बिलासपुर रीजन के विभिन्न कार्यालयों तथा मैदानी क्षेत्रों में लगभग 230 से अधिक महिला विद्युत कर्मी जिनमें अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिश्ठ अभियंता तथा अन्य कार्यालयीन स्टॉफ शामिल हैं, जो ऊर्जा क्षेत्र के विकास एवं जोखिमपूर्ण कार्यों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन बडी निष्ठा एवं मेहनत के साथ कर रही हैं।

स्वस्थ रहने युवा योग की ओर

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वस्थ और फिट रहने के उद्देश्य से देवरी नगर में योग के प्रति युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। सर्दी के मौसम और बदलती जीवनशैली के बीच गोरखपुर वार्ड क्रमांक 3 में नगरवासियों की पहल से नियमित योगाभ्यास किया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि सोनू ठाकुर, रमन नारायण राज, पुरुषोत्तम साहू, शिबू प्रजापति और सुनील साहू के सहयोग से यह अभियान संचालित हो रहा है।

486 ग्राम पंचायतों में रोजगार व आवास दिवस आयोजित

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। जिला बिलासपुर के समस्त 486 ग्राम पंचायतों में 7 जनवरी को शासन के निर्देशानुसार रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, आवास एवं आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों के नामों का वाचन कर उन्हें अवगत कराया गया। हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु प्राप्त किश्तों, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता, तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण (कन्वर्जेन्स) के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत - जी राम गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई, भू-जल पुनर्भरण, तथा वाटरशेड विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा, जिससे एक ओर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

कन्या स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली गई

एनएचआईटी के तत्वावधान में आयोजित

बिल्हा/नवप्रदेश। एनएचआईटी टीम के द्वारा रायपुर सिमगा बिलासपुर के प्रोजेक्ट की ओर से 37वें सड़क सुरक्षा माह-2026 के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय बिल्हा में जागरूकता रैली निकाली गई। आज की दुनिया में सड़क और परिवहन प्रत्येक माननीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सड़क उपयोगकर्ता है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं।

भारत में ही हर साल लगभग अस्सी हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का तेरह प्रतिशत है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। इस सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली में हमारा उद्देश्य वर्तमान और भावी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है और हर साल हमारी सड़कों पर मारे गए और घायल लोगों की संख्या को कम करना है। जागरूकता रैली की इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभान सिंह शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, बिल्हा एस प्रसाद, कमल गर्ग, हरीश एवं टोल प्लाजा कर्मचारी सेफ्टी मैनेजर निखिल पांडा, मैंटनेस मैनेजर संतोष कुमार उपस्थित थे।

भ्रमण

आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल का खूंटाघाट डैम शैक्षिक भ्रमण व सामुदायिक सेवा कार्यक्रम

'विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, पर्यावरणीय चेतना व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना उद्देश्य'

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, पर्यावरणीय चेतना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खुटाघाट डैम का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रकृति से सीधे जुड़कर सीखने का एक सार्थक अवसर भी बना।

इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के पूर्व सदस्य मंसूर खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खुटाघाट डैम क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न वृक्षों, उनकी जैविक विशेषताओं तथा पर्यावरणीय उपयोगिता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। श्री खान ने बताया कि इस क्षेत्र में साल, सागौन, अर्जुन, नीम, पीपल, बरगद, करंज एवं बांस जैसे वृक्ष प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इस क्षेत्र की जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि अर्जुन और पीपल जैसे वृक्ष जल स्रोतों के संरक्षण में सहायक होते हैं, जबकि नीम और बरगद पर्यावरण को शुद्ध रखने एवं औषधीय गुणों के लिए जाने जाते हैं। विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई कि वृक्ष केवल छाया और ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने, वर्षा चक्र को संतुलित रखने और वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंसूर खान ने विद्यार्थियों को खुटाघाट डैम के निर्माण, इतिहास और महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह डैम कई वर्षों पूर्व क्षेत्र की जल आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था और पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था। यह डैम आसपास के अनेक गांवों और कृषि क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी जल स्रोत के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जल संसाधनों का संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधनों की रक्षा एवं वृक्षों के संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने मंसूर खान के अमूल्य मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र का दिए संदेश

भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र का संदेश, पर्यावरण जागरूकता गतिविधियाँ एवं सामुदायिक सेवा कार्यों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने डैम परिसर की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले तत्वों से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। सैनिक स्कूल की परंपरा के अनुरूप यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा-भाव, देशप्रेम एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने में सहायक सिद्ध हुआ।

सुविचार

जिद होनी चाहिए कुछ हासिल करने की वरना उम्मीद लगाए तो हर कोई बैठा रहता है। - अज्ञात

जेएनयू में फिर लगे आपत्तिजनक नारे

देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में एक बार फिर वामपंथी छात्र संगठन से जुड़े विद्यार्थियों ने आपत्तिजनक नारे लगाये। गोरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने जेएनयू के पूर्व छात्रों खालिद उमर और सर्जिल इमाम सहित सात छात्राओं की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद पांच छात्रों को जमानत दे दी थी लेकिन 15 जून 2021 को दिल्ली में भड़के दंगे जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई थी। उस मामले में खालिद उमर और सर्जिल इमाम को जमानत देने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वे एक साल तक जमानत की याचिका दाखिल नहीं कर सकते। जबकि आरोपियों की ओर से देश के नामी गिरामी वकीलों की फौज खड़ी हुई थी और इनके पक्ष में सहानुभूति दिखाने के लिए न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी से एक पत्र भी लिखाया गया था। इंटरनेशनल मीडिया में भी इन छात्रों की गिरफ्तारी का मामला उठवाया गया था ताकि सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बने। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने खालिद उमर और सर्जिल इमाम को जमानत नहीं दी। इसके बाद जेएनयू के वामपंथी छात्र संगठन के कुछ छात्र छात्राओं ने जेएनयू कैंपस में आपत्तिजनक नारेबाजी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जेएनयू में कब्र खोदने के नारे लगाये। जिसे जेएनयू प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है और इन प्रदर्शनकारी छात्रों के कृत्य को देश विरोधी बताते हुए पुलिस थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की सिफारिश की है। इसके बाद इन छात्रो के खिलार्फ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। बहुत जल्द इनकी पहचान कर गिरफ्तारी भी होगी। अब इस मामले को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता उदित राज ने बयान दिया है कि ये मासूम छात्र है और उनके द्वारा की गई नारेबाजी मामूली घटना है। अन्य विपक्षी नेता भी इन ढफलीबाज छात्रों के समर्थन में आ गये हैं। जबकि भाजपा नेताओं ने जेएनयू को अराजकता का अड्डा बनाने वाले ऐसे हुडदंगी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब है कि जेएनयू में पहले भी देश विरोधी नारे लगते रहे हैं। जब आतंकवादी अफजल को फांसी दी गई थी। तब जेएनयू में तुम कितने अफजल मारोगे। हर घर से अफजल निकलेगा और भारत तेरे तुकड़े तुकड़े होंगे जैसे देश विरोधी नारे लगाये गये थे। हाल ही में जब बस्तर में कुख्यात नक्सली कमांडर हिड़मा को मुठभेड़ में मार गिराया गया था तब भी जेएनयू में वामपंथी विचारधारा के नक्सली नेता हिड़मा के समर्थन में नारेबाजी की थी। जेएनयू कभी देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान हुआ करता था जहां नाममात्र फीस पर और बहुत ही मामूली शुल्क पर शिक्षा के साथ ही भोजन और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है और जेएनयू से पढ़कर निकले छात्र सरकार में और राजनीतिक के क्षेत्र में उच्च पदों पर पहुंचे हैं किन्तु बीते कुछ सालों में जेएनयू को वामपंथी छात्र संगठन ने अराजकता का अखाड़ा बना दिया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

ठंड से ठिठुरते मासूम बच्चो की सुध ले सरकार

छत्तीसगढ़ में शीतलहर की स्थिति बन गई है। सरगुजा संभाग में तो तापमान चार डिग्री तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में कमोवेश यही स्थिति है। मौसम विभाग के अनुसार अभी और कुछ दिनों तक शीतलहर का असर रहेगा। इस कडाके की ठंड में सबसे ज्यादा तकलीफ उन मासूम बच्चों को हो रही है जिन्हें सुबह सवेरे स्कूल जाना पड़ रहा है। स्कूली शिक्षा विभाग ने पहले ही शीतकालीन छुट्टी घोषित कर दी थी किन्तु अब जो भयानक ठंड पड़ रही है उसे देखते हुए छोटे बच्चों के लिए फिर से कुछ दिनों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो तो कम से कम सुबह सात बजे से लगने वाले स्कूलों का टाइम तो जरूर बदलना चाहिए। भारी ठंड की वजह से नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के छोटे छोटे बच्चे सर्दी जुकाम और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूली शिक्षा विभाग को इन मासूम बच्चों की सुध लेनी चाहिए। सरगुजा क्षेत्र में तो पड़ रही जबरदस्त ठंड के कारण वहां के जिला प्रशासन ने प्राइमरी कक्षा तक के छात्रों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। इसी तरह अन्य संभागों में भी ठंड के कहर को देखते हुए प्राइमरी कक्षा तक के छात्रों के लिए विशेष अवकाश घोषित करना उचित होगा। उम्मीद है कि स्कूली शिक्षा विभाग इस मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक विचार कर यथाशीघ्र उचित निर्णय लेगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जीवन में जो प्रेम से भरा है वो केवल प्रेम दे सकता है और ऐसे केवल सद्?गुरु ही हैं।

◆ ईश्वर जितने प्राचीन हैं उतने ही नवनवायमान हैं, उनसे सनातन कोई नहीं।

◆ भवसागर में रहते हुए भी प्रत्येक कर्म अगर कृष्ण के लिए हो, गुरु के लिए हो तो कोई भय नहीं, निर्भयता के साथ रहो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1026 सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट किया। 1697 ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड दिया गया। 1790 अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया। 1884- समाज सुधारक और 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का निधन हुआ। 1856 डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की। 1889 हर्मन होलैरिथ को पंच कार्ड टैब्युलेटिंग मशीन के आविष्कार का पेटेंट मिला। 1890 हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म। 1908 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म। 1925 प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म हुआ। 1929 नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार टेलीफोन संपर्क स्थापित हुआ। 1942 प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म हुआ 1952 जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया। 1971 पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने नेता शेख मुजीबुर रहमान को जेल से आजाद किया था।

बैतूल की जेल जहाँ लिखा गया था आरएसएस का संविधान अब बने स्मारक

प्रवीण दाताराम गुगनानी

श्रीगुरुजी ने जेल में रहते हुए ही समूचे राष्ट्र को स्पष्ट कर दिया था कि संघ एक घोर राष्ट्रवादी, संस्कृति केंद्रित व समाज आधारित संगठन मात्र है। उस समय के तत्कालीन गृह सचिव आर.एन. बनर्जी ने, गांधी हत्या में संघ की संलिप्तता के मिथ के संदर्भ में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि सम्पूर्ण, गहन व सघन जांच की गई है जिसमें संघ का गांधी जी की हत्या में रज मात्र भी भूमिका नहीं दिखती है। आज बैतूल जिले की यह ऐतिहासिक जेल निजी क्षेत्र को विक्रित की जाकर तोड़े जाने के कगार पर है। आवश्यकता इस बात की है कि जेल परिसर में निर्मित इस 'गुरुजी कक्ष' को या 'संघ संविधान जन्म कक्ष' को सुरक्षित रखकर एक स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा जाए। समूचा देश बैतूल जेल के इस कक्ष को एक विशाल, भव्य स्मारक के रूप में देखना चाहता है।

सर्वविदित है कि परमपूजनीय श्रीगुरुजी माधव सदाशिवराव गोलवलकर बैतूल के कारागार के बैरक क्र. 1 में रह चुके हैं। वे यहाँ 1 जनवरी 1949 से 6 जून 1949 तक बंदी रहे थे। बैतूल कारागार के जिस बैरक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय परमपूजनीय सरसंघचालक श्रीगुरुजी को बंदी बनाकर रखा गया था वह कक्ष आज भी एक लघु स्मारक के रूप में रिक्त रहता है। इस कक्ष में श्री गुरुजी का एक चित्र लगा हुआ है व उनके कारागार प्रवास के संदर्भ में कक्ष की दीवार पर संक्षिप्त लेखन भी है। बैतूल जेल के इस लघु स्मारक को अब एक भव्य, दिव्य स्मारक में परिवर्तित करने की चाह देश भर के स्वयंसेवकों में है।

वर्ष 2017 में परमपूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहनराव जी भागवत ने भी जेल के इस कक्ष में जाकर श्रीगुरुजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए थे।

गांधी जी की दुखद हत्या के पश्चात् नेहरू सरकार ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। श्री गुरुजी सहित बीस हजार अग्रणी स्वयंसेवक गिरफ्तार कर लिए गए थे। उस समय के प्रसिद्ध मराठी समाचार पत्र 'केसरी' के संपादक केतकर जी सरकार व संघ के मध्य संवाद करा रहे थे। केतकर जी 12 व 16 जनवरी 1649 को श्री गुरुजी से सिवनी कारागार में मिले थे। उन्होंने श्री गुरुजी से संघ के सत्याग्रह को समाप्त करने का आग्रह किया। श्रीगुरुजी ने परिस्थितियों का आकलन किया व आंदोलन स्थगित कर दिया। 22 जनवरी को संघ के सत्याग्रह प्रभारी महावीर जी ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा कर दी। तब जाकर कहीं सरकार ने राहत की साँस ली थी। यह भी एक स्मरणीय तथ्य है कि नेहरू जी की हठधर्मिता से संघ पर 1948 में लगे प्रतिबंध हटाने की भूमिका भी बैतूल जेल के बैरक क्र. 1 में ही लिखी गई थी।

देश के प्रमुख समाचार पत्र 'द ट्रिब्यून' ने 22 जन. 1949 को संघ प्रतिबंध को अनैतिक बताते हुए लिखा - ÷अब नेहरू सरकार को संघ से प्रतिबंध हटा लेना चाहिए÷।

संघ के इस आंदोलन के प्रति देश की जनता में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए नेहरू सरकार घबरा गई थी। सरकार ने तत्काल ही पाँसा फेंका और प. मौलिचन्द्र शर्मा को संघ से चर्चा करने हेतु आगे बढ़ाया।

इस समय तक श्री गुरुजी को सिवनी कारागार से बैतूल कारागार में स्थानांतरित किया जा चुका था। 10 जुलाई को मौलिचन्द्र शर्मा श्री गुरुजी से भेंट करने बैतूल जेल आए थे। बैतूल जेल से ही श्री गुरुजी एवं मौलिचन्द्र शर्मा की चर्चा के आधार पर नेहरू जी ने 12 जुलाई को संघ से प्रतिबंध हटाया था व 13 जुलाई को प्रातः समय में श्री गुरुजी को बैतूल जेल से मुक्त कर दिया गया था। (संदर्भ



- श्री गुरुजी समग्र, खंड 2, पृष्ठ 45)

बैतूल जेल से निकलने के तत्काल बाद ही श्री गुरुजी जीटी एक्सप्रेस से नागपुर चले गए थे। श्री गुरुजी के बैतूल से प्रस्थान के समय का एक किस्सा संघ क्षेत्रों में बहुधा ही कहा सुना जाता है। कहा जाता है कि, श्री गुरुजी ने बैतूल स्टेशन पर छोड़ने आए स्वयंसेवकों से कहा था - ÷जिस दिन बैतूल में संघ का कार्य सुदृढ़ और संपुष्ट हो जाएगा उस दिन समूचे देश में संघ विचार सुदृढ़ हो जाएगा÷।

बैतूल जेल में श्रीगुरुजी के बंदी रहने के समय को दुखद किंतु ऐतिहासिक काल कहा जाता है। श्री गुरुजी ने इस विकट, दुधूर्ष अग्निपरीक्षा के समय में अद्भुत धेर्य का परिचय देते हुए बैतूल जेल से अनेकों पत्रों व संवादों के माध्यम से देश भर के स्वयंसेवकों के मनोबल को बनाए रखा था तथा देश के वातावरण में राष्ट्रीयता का प्रवाह भी बनाए रखा था। समूचे देश के लाखों स्वयंसेवकों व सामान्य जनता श्रीगुरुजी के संदेशों हेतु बैतूल जेल की ओर टकटकी लगाए देखते रहती थी। बैतूल देश की धड़कनों के केंद्र में आ गया था। बैतूल जेल में रहते हुए ही श्री गुरुजी ने नेहरू सरकार पर इतना दबाव बना लिया था कि नेहरू सरकार को न चाहते हुए भी श्री गुरुजी को जेल से मुक्त करना पड़ा था। गुरुजी के बैतूल जेल में बंदी रहने के मध्य उन्होंने देश भर में ऐसा वातावरण निर्मित कर दिया था कि गृह मंत्री वल्लभभाई पटेल ने भी नेहरू जी पर अंगुली उठाते हुए 27 फरवरी 1948 को एक पत्र लिखा था - ÷बापू की हत्या की जाँच में हो रही प्रगति पर मैने प्रायः प्रतिदिन ध्यान दिया है। सभी प्रमुख अपराधियों ने अपनी गतिविधियों के लम्बे और विस्तृत वक्तव्य दिए हैं। उन वक्तव्यों से यह बात भी स्पष्ट रूप से उभर कर आती है कि इस सारे मामले में संघ कहीं भी संलिप्त नहीं है।÷ (संदर्भ - 1.श्रीगुरुजी समग्र दर्शन-2, पृष्ठ 2-10, संदर्भ 2. पहली अग्नि परीक्षा, मामा माणिकचंद्र वाजपेयी, पृष्ठ 23-24, संदर्भ 3. Sardar PatelÓs Correspondence, Vol. VI PAGE 56)

श्री गुरुजी को बैतूल कारागार में नाना प्रकार से प्रताड़ित किया गया था। उन्हें भोजन, पहनने को कपड़े व कंबल आदि अत्यंत निम्नस्तरीय प्रकार के दिए जाते थे। कष्ट, प्रताड़ना, व निम्न स्तरीय भोजन, वस्त्र से उत्पन्न कष्ट से श्रीगुरुजी को कोई अन्तर नहीं पड़ता था। वे तो निस्पृह योगी थे। बिना भगवा पहने ही एक महान सन्यासी थे। उन्होंने बैतूल जेल में मिले उस सम्पूर्ण गरल को नीलकंठ बन अपने कंठ में स्थिर कर दिया था। बैतूल जेल उनके लिए एक साधना केंद्र हो गई थी।

बैतूल कारागार में श्रीगुरूजी ने संघ का संविधान तैयार करने के कार्य को प्रारंभ व पूर्ण किया था व अपने हस्ताक्षर के साथ इसे जारी किया था। श्रीगुरुजी गोलवलकर का बैतूल जेल प्रवास संघ के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था, और, बैतूल की यह जेल संघ के संविधान की जन्मस्थली। बैतूल कारागार में रहते हुए श्रीगुरुजी ने संघ की राजनाति में शुचिता, पवित्रता व समाज योगदान के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ बहुत व्यापक पत्राचार किया। इन पत्रों को बाद में ÷Justice on Trial÷ नामक पुस्तक में प्रकाशित भी किया गया था।

श्री गुरुजी ने तत्कालीन नेहरूवियन सरकार से आग्रह किया था कि यदि संघ के विरुद्ध कोई साक्ष्य है तो उसे सार्वजनिक किया जाए, अन्यथा प्रतिबंध हटाकर स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने दिया जाए।

बैतूल कारागार में रहने के मध्य श्री गुरुजी उस समय के उदारवादी नेता टी.आर.वी. शास्त्री से सतत् संपर्क में थे। शास्त्री जी ने भी नेहरू-गांधी की सरकार और गुरुजी के बीच मध्यस्थता की थी। उस समय की जवाहर लाल नेहरू की आत्ममुग्ध, अंग्रेजीदां शैली से चलने वाली सरकार ने संघ पर नाना प्रकार के आरोप लगाए थे।

भारत की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनेगा गेम चेंजर

आर.के जैन

शासन और जवाबदेही की नई संस्कृति प्रगति पोर्टल एक अत्यंत प्रभावी मंच के रूप में सामने आया, जिसके माध्यम सेः परियोजनाओं की रियल-टाइम निगरानी संभव हुई समस्याओं को एक साथ कई स्तरों तक तुरंत पहुँचाया जा सका एक ही मंच से मंत्रालयों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो पाया डीएफसी परियोजना में भी इसी तरह की एक आंतरिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। बड़े ठेकों की साप्ताहिक समीक्षा, नियमित स्थल निरीक्षण और तय किए गए लक्ष्यों की लगातार निगरानी सामान्य प्रक्रिया बन गई। चूंकि पोर्टल पर डाली गई सभी समय-सीमाएं दर्ज रहती थीं, इससे परियोजना टीम के भीतर अपने वादों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की भावना भी मज़बूत हुई।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना आज़ादी के बाद शुरू की गई सबसे महत्वाकांक्षी रेल अवसंरचना योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई के लिए उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस विशेष रेल कॉरिडोर तैयार करना है।

इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेल तेज़, सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत वाली लॉजिस्टिक सेवाएं देकर माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाना चाहती है। साथ ही, इस परियोजना से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्कों के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और पूरी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा।

करीब ?1.2 लाख करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत और 2843 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के दो मुख्य हिस्से हैं:

पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर(ईडीएफसी):

यह 1337 किलोमीटर लंबा है। यह कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना स्थित साहनेवाल से लेकर बिहार के सोननगर तक जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों से होकर गुजरता है।

पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी):

यह 1506 किलोमीटर लंबा है। यह उत्तर प्रदेश के दादरी से लेकर मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तक फैला हुआ है। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरता है। कुल मिलाकर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का मार्ग 7 राज्यों और 56 जिलों से होकर गुजरता है। यह जंगलों, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों और क्रीक इलाकों से भी

होकर जाता है, जिससे इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वाभाविक रूप से जटिल हो जाता है।

समय पर पूरा होने में आने वाली चुनौतियां

हालांकि इस परियोजना की शुरुआत 2008 में हुई थी, लेकिन कई बाधाओं के कारण कई वर्षों तक काम की गति धीमी रही। मुख्य चुनौतियां इस प्रकार थीं:

- लगभग 11,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, जिसमें अवैध कब्जे और बने हुए ढांचों को हटाना शामिल था।
- वन भूमि, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों, पेड़ों की कटाई और क्रीक (नाले) पार करने से जुड़े कानूनी अनुमतियां प्राप्त करना।
- 900 से अधिक लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जिनके लिए संयुक्त नक्शा स्वीकृति और रास्तों के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक था।
- हाई टेंशन बिजली लाइनों, गैस और तेल पाइपलाइनों को स्थानांतरित करना।
- रक्षा विभाग, एनएचएआई, राज्य राजमार्ग प्राधिकरणों, सिंचाई विभाग से नहर पार करने की अनुमति और मिट्टी उधार लेने की स्वीकृति।
- कोविड के बाद ठेकेदारों पर पड़ा आर्थिक दबाव, जिससे नकदी की कमी हुई।

निर्माण के लिए बिना किसी बाधा वाली भूमि उपलब्ध न होने से कार्य समय-सारिणी पर गंभीर असर पड़ा और परियोजना पर संभावित दावों का खतरा भी बढ़ गया।

प्रगति पोर्टल-निर्णायक मोड़

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुरू किया गया प्रगति पोर्टल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से डीएफसी के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं को पूरे दस्तावेज़ों के साथ अपलोड किया। प्रगति पोर्टल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही थी। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और विभागों को यह साफ़ पता था कि कार्य की प्रगति पर सबसे ऊंचे स्तर पर, स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी, निगरानी की जा रही है। जो मुद्दे वर्षों तक लगातार प्रयासों के बावजूद अटके रहे थे, वे कुछ ही हफ्तों में, और कई मामलों में तो कुछ दिनों के भीतर ही, सुलझा लिए गए। जहाँ तुरंत समाधान संभव नहीं था, वहाँ विभागों ने निश्चित समय-सीमा तय की और उसका सख्ती से पालन किया गया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फूलों पर भंवरे झूल

फूलों पर भंवरे झूल रहे ये मौसम कितना प्यारा है। वासंती गीतों के तट पर जीवन का कोई किनारा है। यह कौन गुलाबी रितु आई महकी बागों में, अमराई लग उठी, चांदनी नई नई कितना यह मस्त नजारा है फूलों पर भंवरे.. मधुबन में बुलबुल बोल रही हर तरफ जिंदगी डोल रही कुहु कुहु करती कोयलिया ने प्रियतम को पास पुकारा हैफूलों पर भंवरे... जिसने भी देखा मन झूमा जब तितली ने गुल को चूमा कलियों ने इस कोमलता को मुस्काते हुए , निहारा है फूलों पर भंवरे ... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

मर चुकी है लज़्ज़ते

मर चुकी है लज़्ज़ते हसरत तमाम, लीजिए अब आपकी ज़हमत तमाम। एक में भी कैफ़ियत लिक्खी नहीं, सौ दफ़े हमने पढ़े हैं ख़त तमाम। दुश्मनों को जलने दो गर जल रहे, जलने वालों से तो है बरकत तमाम। अस्ल चेहरा आईने में जब दिखा, इक मिनट में मिट गई गफ़्लत तमाम। कर ले या तो खुल के मुझ से दुश्मनी, या कुएं में डाल दे नफ़्रत तमाम। एक तू ही बस 'कमल' अनजान है, सब पे है ज़ाहिर मेरी हालत तमाम।

- रूबी झा 'कमल

पीडीएस काउंटर उचित मूल्य की दुकान



पीडीएस काउंटर(उचित मूल्य की दुकान) देखा, ऐसा लगा कि फ्री/ रियायती दरों में चांवल उपलब्ध होने के साथ साथ ही, फ्री/रियायती दरों में मोबाइल रिचार्ज भी होने लगे तो और बढ़िया, डिजिटल इंडिया इससे मजबुत होगा, इस काउंटर में मोबाइल नं रजिस्टर्ड है ही, जिस पर ओटीपी आते है। इन काउंटर्स का बहुउद्देशीय उपयोग होते रहे, भला ही होगा।?? **- पोखराज शर्मा**

रजनी यामा यामिनी, रात्रि तमी निशि रैन

रजनी यामा यामिनी, रात्रि तमी निशि रैन। विभावरी या रात हो, अभिप्राय बस चैन॥ अभिप्राय बस चैन, सोच यदि रात न होती। मजदूरी मजबूर, आँख पल भर कब सोती। सुमन भाग्य को दोष, सदा देती फिर सजनी। धन्य विधाता आप, चैन ले आती रजनी॥ - **सुमन ओमानिया**

इंदौर में जहरीले पानी पीने से 12

इंदौर में जहरीले पानी पीने से 12 लोगों की हुई मौतों के बाद एक बड़े मंत्री ने ऐसा घंटा बजाया कि शाहरुख खान की गिनती देशद्रोही में होने लगी... नेता,मंत्री,बाबा की.. ऐसी हुई बदजुबान.. एक के बाद घटना घटे भूले सारे नौजवान, भूले सारे नौजवान होती याददाश्त कमजोर.. न्याय बैठा मौन साधे,अन्याय का होता शोर। - **शत्रुंजय तिवारी**

पर फैलाए नाचता, जब खेतों में मोर

पर फैलाए नाचता, जब खेतों में मोर। गोलू भोलू देखकर ,करने लगते शोर।। करने लगते शोर,बजाएँ मिलकर ताली। भागे डरकर मोर, लगे है जान बचा ली। करके सुंदर नृत्य,सभी का मन बहलाए। होते लोग प्रसन्न,मोर जब पर फैलाए।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

अपने जीवन के वो सोने से पल... जो मैंने

अपने जीवन के वो सोने से पल... जो मैंने गंवा दिए तेरी यादों में... काश कि अपने उपर कुछ खर्चा होता.. तो आज तुम बैठे होते मेरे खिदमतगारों में... ।

- कुमुद "अनुन्जया"

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

वृषः आज आपको काम को लेकर कुछ नए-नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और आप अपनी जिम्मेदारियां से भी घबराएंगे नहीं व उनका डटकर सामना करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए अपने कामों को समय से निपटाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी फिटनेस पर थोड़ा ध्यान दें। आपने यदि कोई लेनदेन किया है, तो आप उसे पूरी लिखापढ़ी करके करें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

कन्याः आज आप अपने कामों में कोई बदलाव करने से बचें। आपको घर-परिवार में चल रही समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए धन के मामले में समस्याएं लेकर आ सकता है, क्योंकि आपका धन को लेकर कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। बिजनेस की डील भी आप थोड़ा सोच समझकर ही फाइनल करें।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कहीं विदेश जाने की भी योजना बना सकते हैं। आप यदि किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जाएं, तो वहां बहुत ही तोलमोल कर बोले आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा, जो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें, क्योंकि राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना अवश्य करना पड़ेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। आप अपने खाने-पीने में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपने कामों को लेकर काफी एक्टिव रहेंगे।

मीनः आज आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप उसे अपने ऊपर हावी होने ना दे। कार्य क्षेत्र में आपको काम को लेकर प्रशंसा होगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) एशिया के सबसे लंबी रेलवे सुरंग शिकन किस देश में स्थित है?

2) संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?

3) द्रौपदी मुर्मू पनडुब्बी में यात्रा करने वाला देश की दूसरी राष्ट्रपति बनीं है, उन्होंने किस पनडुब्बी में यात्रा की?

4) स्वामी विवेकानंद ने किस वर्ष औपचारिक रूप से संन्यास की प्रतिज्ञा ली?

5) लेडी डॉक्टर्स नामक पुस्तक की लेखिका कौन हैं?

उत्तरमाला- (1) जापान (2) 15 (3) आईएनएस वाघशीर (4) 1886 (5) कविता राव

पहेली

शब्द सामर्थ्य -279

कर्मचारियों का जन्मदिन स्कूली बच्चों संग मनाना, खुशियां बांटना

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित "प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ" का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। आज प्रधान पाठक पूर्णिमा साहू ने शासकीय स्कूल देवरभट्ठा, शिक्षक ईश्वर कुमार साहू ने शासकीय मीडिल स्कूल चपरीद आरंग, स्टाफ नर्स सु वीना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र कुशालपुर, लेक्चरर खेलावन जोशी ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टेकारी अभनपुर ने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

छग में स्काउट गाइड के आयोजन पर विवादों का साया, 10 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नौ से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी पर विवाद गहरा गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट गाइड की राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी। मंगलवार शाम इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित इस सूचना के बाद स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंदर जीत सिंह खालसा ने इसे भ्रामक प्रचार बताते हुए मोर्चा खोल दिया।

आरोप है कि मामले में बिना अनुमति स्थान परिवर्तन और नियमों की अनदेखी की गई है। मामले में राज्य जंबूरी के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत है। नियमतः यह राशि स्काउट गाइड के खाते में जानी थी, लेकिन इसे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बालोद के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। इस जंबूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 12 हजार से 15 हजार रोवर-रेंजरों के आगमन की संभावना है। 5,500 लोग पहुंच चुके हैं।

10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद कर दिया गया

पूरे प्रकरण में बड़ी चुनौती के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद की दावेदारी मुख्य है। दोनों अध्यक्ष होने का दावा कर रहे हैं। बृजमोहन का दावा है कि 10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद कर दिया गया है। इस आयोजन को नवा रायपुर में होना था, परंतु गलत तरीके से बालोद में व्यवस्था की गई है। यदि आयोजन होता है तो यह शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी होगी।

कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ

गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने भिलाई में कहा कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। स्काउट गाइड का सालभर का कार्यक्रम पहले से तय रहता है। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे मिथ्या हैं। सरकार को बदनाम किया जा रहा है।

कार्यकारिणी ने तय किया स्थल

खालसा स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदर जीत सिंह खालसा आयोजन स्थल के विवाद पर अनभिज्ञता जता रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें नवा रायपुर के पुराने प्रस्ताव की जानकारी ही नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि राज्य की कार्यकारिणी ने तय किया था कि आयोजन बालोद में किया जाए।

नशीली टेबलेट सिंडिकेट का भंडाफोड़, 4 मेडिकल दुकान संचालक सहित एमआर गिरफ्तार

मेडिकल दुकानों में छापा में मिले अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त

❒ ग्राहक बनकर पुलिस ने मेडिकल स्टोर से खरीदी नशीली टेबलेट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने राजधानी में प्रतिबंधित नशीला टेबलेट का कारोबार करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में शामिल चार मेडिकल दुकानों के संचालक तथा एक मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव (एमआर) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत इन मेडिकल दुकानों में छापा मारते हुए अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त किया है। इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी एमआर है, जो प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाता था।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को नशीले टेबलेट का कारोबार करने वाले इस सिंडिकेट का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रायपुर पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत प्रतिबंधित नशीला टेबलेट में लिप्त अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए सप्लायर चेन सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में 4 मेडिकल दुकान रत्ना मेडिकल स्टोर कुशालपुर पुरानी बस्ती, काव्या मेडिकोज टिकरापारा, प्यारी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर भनपुरी खमतराई एवं भरोसा मेडिकल स्टोर सांकरा धरसींवा में छापा मारकर यहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। इन मेडिकल स्टोर के संचालकों कान्हा कृष्ण कश्यप उर्फ सूरज 31 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी, धीमन मजूमदार 31 वर्ष निवासी कृष्णा नगर रायपुर, राहुल वर्मा 26 वर्ष निवासी डीआरएम ऑफिस के पास जागृति नगर खमतराई तथा मोहम्मद अकबर 29 वर्ष निवासी बाजार चौक सांकरा धरसींवा को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

मेडिकल दुकानें सील लाइसेंस भी होंगे निरस्त

मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री के मामले में सभी मेडिकल दुकानों को सील कर दिया गया है। वहीं इन दुकानों के संचालकों का मिला लाइसेंस भी निरस्त किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जिस कोरियर कंपनी और बसों के माध्यम से इस नशीले टेबलेट का परिवहन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने की तैयारी में है।

इस सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस भी ग्राहक बनकर कुशालपुर स्थित रत्ना मेडिकल स्टोर पहुंची थी। इस पुलिस कर्मी को आम व्यक्ति समझकर मेडिकल स्टोर के संचालक ने उसे बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट की बिक्री कर दी। इसके बाद पुलिस ने इस मेडिकल दुकान में छापा मारते हुए एमआर आनंद के ठिकाने पर दबिश दी, जिसके बाद अन्य मेडिकल दुकानों में छापा मारकर वहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ करने पर उसने उक्त टेबलेट को आनंद शर्मा से लाना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आनंद शर्मा की पतासाजी करते हुये उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसके कब्जे से मकान में रखे प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जप्त किया गया। पूछताछ में आनंद शर्मा ने स्वयं को एमआर होना बताने के साथ ही प्रतिबंधित नशीले टेबलेट को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाना बताया।

एमआर करता था मेडिकल दुकानों में नशीली दवाइयों की सप्लाई

पुलिस अफसरों के अनुसार, इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी एमआर आनंद शर्मा 45 वर्ष है। आनंद ही प्रतिबंधित टेबलेट को ऑर्डर देकर जबलपुर से मंगाया करता था। ये नशीली दवाइयां कभी कोरियर से तो कभी बस ट्रासंपोर्टिंग के माध्यम से वह मंगाता था। इसके बाद वह इन नशीली दवाइयों को मेडिकल दुकानों में डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

बदलता अपराध, उसी रफ्तार से बदलती पुलिस रणनीति

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश पर संचालित ऑपरेशन निश्चय के लगातार दबाव के कारण अब प्रतिबंधित नशीले टेबलेट के तस्कर एवं सप्लायर अपने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर नए पैटर्न अपना रहे हैं। रायपुर पुलिस द्वारा इंटेलिजेंस-ड्रिवन, एंड-टू-एंड विवेचना और माइक्रो-लेवल सर्विलांस अपनाया जा रहा है।

छग के बिजलीघरों के सर्वाधिक पीएलएफ का कीर्तिमान

सीईए के अनुसार अभी तक देश में तीसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा दिसम्बर 2025 में राज्य विद्युत उपक्रमों के अन्तर्गत आने वाले बिजलीघरों की समीक्षा के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का कामकाज देश में तीसरे नंबर पर रहा है। वहीं दिसम्बर 2025 में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के बिजलीघरों ने 87.11 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) के सर्वोच्च स्तर को स्पर्श किया है। तथा 1840.67 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव तथा प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार ने इस उपलब्धि को शानदार टीम वर्क का परिणाम बताया है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण राज्य क्षेत्र की 33 संस्थाओं के कामकाज का मूल्यांकन करती है। इसमें राज्य विद्युत मण्डल तथा राज्य पॉवर कंपनियां शामिल होती है। सीईए की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पंजाब, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पीछा छोड़ा है वहीं उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल राज्य छत्तीसगढ़ से आगे है।

जहां तक दिसम्बर 2025 के पीएलएफ का सवाल है तो उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विगत 15 वर्षों में एक बार ही इससे अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। दिसम्बर 2025 का पीएलएफसर्वाधिक है। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में भी एक ही बार 87.11 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। इस तरह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के इतिहास में दिसम्बर माह में सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने का यह दूसरा मौका है। यह उपलब्धि यह साबित करती है कि इस माह में बिजलीघरों के संचालन में नगण्य व्यवधान उपस्थित हुआ।

एक धड़कन, जिसने ज़िंदगी बदल दी

'प्रोजेक्ट धड़कन' के तहत सही समय पर जांच और इलाज से मिली अरमान को हृदय रोग से मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। गांव में मितानिन ने एक दिन कहा था, ÷आपके बच्चे की धड़कन बाकी बच्चों से तेज है,÷ यह वाक्य आज भी रजनी यादव के कानों में गूंजता है। वे बोलते-बोलते रो पड़ती हैं, हमने कभी ध्यान ही नहीं दियाज अब लगता है, क्यों नहीं दिया!

गोगांव, रायपुर की रहने वाली रजनी यादव का तीसरा बेटा अरमान, अपने दोनों बड़े भाइयों और दोस्तों के साथ हंसता-खेलता बड़ा हो रहा था। कभी पिट्ठूल खेलता, कभी दौड़ लगाता,

सब कुछ सामान्य लगता था। बस बार-बार होने वाला सर्दी-बुखार माता-पिता को थोड़ा परेशान जरूर करता था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि उस मासूम सी हंसी के पीछे एक गंभीर खतरा छिपा है। फिर 13 दिसंबर 2025 का दिन आया। सरोरा स्थित शासकीय स्कूल में, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार पहुँची चिरायु टीम ने जब बच्चों की जांच शुरू की, तो अरमान की बारी पर डॉक्टर ठिठक गए। उसके हृदय की धड़कन सामान्य नहीं थी। यही वह पल था, जिसने एक परिवार की ज़िंदगी की दिशा बदल दी। टीम अरमान को तत्काल सत्य साई नारायण अस्पताल, नया रायपुर लेकर गई। विस्तृत जांच हुई और रिपोर्ट ने माता-पिता के पैरों तले ज़मीन खिसका दी। अरमान के दिल में 18 मिमी का छेद था। डॉक्टरों ने बिना देर किए कहा, "ऑपरेशन जरूरी है।"

ईंट-भट्ठे में काम करने वाले पिता रंगनाथ यादव और मां रजनी के सामने सवालों का पहाड़ खड़ा था – पैसे का इंतजाम कैसे होगा?

बच्चा का स्वास्थ्य, उसका भविष्य कैसा होगा?

लेकिन उस घड़ी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। चिरायु टीम की सलाह पर भरोसा किया और अपने बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल, सरकार-पुलिस लाचार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की

कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, सरकार-पुलिस लाचार हो गये है। जिला पुलिस रायपुर द्वारा प्रस्तुत सालाना रिपोर्ट गृह मंत्री की विफल होने का प्रमाण है. जिस प्रकार से आपराधिक घटनाओं में तेजी आयी है उसके बाद गृह मंत्री को हटा देना चाहिए. राजधानी में महीने में 24 रेप हो रहे 120 चोरियाँ हो रही हर दूसरे दिन हत्या हो रहा है ऐसे इस गृहमंत्री के रहते कानून व्यवस्था में कसावट सम्भव नहीं है. समय जब दुनिया भर में प्रशासनिक सुधार के लिए व्यवस्था का सरलीकरण किया जा रहा है, अधिकारों के विकेन्द्रीकरण का दौर चल रहा उस समय राज्य सरकार द्वारा कमिश्नरी प्रणाली लागू कर के सत्ता अधिकारों का केन्द्रीकरण किया जा रहा है। एक ही व्यक्ति के अधीन गिरफ्तारी से लेकर जमानत तक के अधिकार दिये जाने के निर्णय लिया जाना सरकार की रूढ़िवादी सोच को दर्शाता है।

मोदी सरकार ने मनरेगा में 100 दिन काम देने लायक बजट ही नहीं दिया

❒ 125 दिन काम का दावा हवा हवाई

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार राम का नाम लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों से रोजगार का हक छीन रही है, मनरेगा कानून में परिवर्तन को मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी षडयंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने ने कहा है कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला हैं, बल्कि सोच को भी बदला है। मनरेगा ग्राम स्वराज और मेहनतकश श्रमिकों का सम्मान था, रोजगार का हक था. मोदी सरकार राम जी का नाम लेकर श्रमिकों से रोजगार का हक छीन रही है, भगवान राम जी मोदी भाजपा

सरकार को माफ नहीं करेगी। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा की मोदी सरकार सबसे बड़ी संख्या में रोजगार देने वाली मनरेगा के खिलाफ पहले दिन से थी इसलिए मनरेगा के बजट राशि को 100 दिन रोजगार देने लायक नहीं दिया. 2023-24 में मनरेगा के तहत 25 करोड़ 68 लाख पंजीकृत श्रमिक थे और बजट 60 हजार करोड़ दिया गया जिसमे मात्र 8 करोड़ 32 लाख लोगो को 50 दिन से भी कम रोजगार मिला जिस पर 89 हजार करोड़ खर्च हुये. 2024-25 में पूर्व से पंजीकृत 51 लाख श्रमिकों का नाम काट दिया गया पंजीकृत श्रमिकों की संख्या 25 करोड़ 17 लाख हो गई और बजट में कोई वृद्धि नहीं किया गया एवं इस वर्ष भी 8 करोड़ 3 लाख लोगो को मात्र 37 दिन ही काम दिया गया. इस वर्ष 17 करोड़ 14 लाख लोगो को मनरेगा से रोजगार नहीं मिला. ऐसे में 125 दिन रोजगार देने का दावा युवाओं को दो करोड़ रोजगार हर साल देने, अच्छे दिन लाने, 30-35 रु. में पेट्रोल डीजल देने 15 लाख सभी के खाता में जमा कराने के खोखले दावा की तरह है।

सूर्यघर बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह योजना आम नागरिकों को बिजली बिल से राहत देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर ने अपने निवास ग्राम पारीकला में 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। सोलर पैनल की स्थापना के बाद उन्हें योजना का प्रत्यक्ष और दीर्घकालीन लाभ मिल रहा है। प्रतिमा चंद्राकर ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें 3 किलोवॉट के सोलर पर केंद्र शासन से 78 हजार रुपये तथा राज्य शासन से 30 हजार रुपये, कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी शीघ्र ही सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई। इससे सोलर पैनल स्थापना की लागत में उल्लेखनीय कमी आई। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगाए जाने से उनके निवास का बिजली बिल शून्य हो गया है, जिससे घरेलू खर्च में बड़ी राहत मिली है।

प्रदीप देशपांडे ने संकल्प और परिश्रम से बदली अपनी किस्मत

❒ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह

रायपुर/नवप्रदेश। धुन के पक्के लोग अपने संकल्प और परिश्रम से न केवल स्वयं का जीवन संवारते हैं, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। वैशाली नगर, राजनांदगांव निवासी प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने अपने दृढ़ इरादों से यह सिद्ध कर दिखाया है कि सही योजना और मेहनत के सहारे आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग हेतु सबिसडी अधिकतम 10 लाख तक

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने, उन्हें औपचारिक बनाने और बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत नए और मौजूदा उद्यमों को ऋण-आधारित सब्सिडी (35 प्रतिशत तक, अधिकतम 10 लाख रुपये), ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता, सामान्य बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण जैसी मदद मिलती है, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के तहत प्रतिस्पर्धा कर सकें और आय बढ़ा सकें।

प्रदेश में उपलब्ध लघुवनोपज की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिरौंजी, हर्रा एवं बहेरा पर आधारित प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना की। इस उद्योग के लिए मशीन एवं शेड निर्माण हेतु कुल 5 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 2 लाख 13 हजार 500 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने अपना उद्योग प्रारंभ कर स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया।

महिला स्वसहायता समूह को मिला स्थायी रोजगार

उद्योग की स्थापना के साथ ही देशपांडे ने कौरिनभाठा स्थित संस्कारधानी महिला कृषक अभिरुचि स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा। इससे महिलाओं को नियमित आय का साधन मिला और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुईं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक परिवर्तन आया।

■ न्यूज गैलरी

प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 5 प्रकरणों में वारिसों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के डी.एन.के. निवासी कुमुद सोनानी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी गंगा सोनानी को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चेरंग निवासी लालूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पुत्री सुमित्रा, पुत्र सुनील, अनिल भाई मलसाय को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोंगेरा निवासी सरजूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सामबाई, पुत्र प्रीतम, पुत्री प्रतिमा, पिता हरिराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम किबड़ा निवासी रामसाय की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुरेखा को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, कोण्डागांव तहसील के ग्राम पल्ली निवासी रामूराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रतनी बाई मरकाम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए कलेक्टर ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाने वाली छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए जिला प्रशासन बस्तर ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आगामी रविवार 11 जनवरी को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री हरिस एस. ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया है और वहां अधिकारियों की तैनाती की गई है।

आपदा प्रबंधन की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल 9 जनवरी को

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व, एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोण्डागांव के संयुक्त तत्वाधान में जिला कोण्डागांव में बाढ़ से बचाव परिदृश्य पर बैठक 08 जनवरी को तथा 09 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 9.30 बजे, स्थान ग्राम पंचायत बम्हनी में बाढ़ परिदृश्य पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि अभ्यास के दौरान शांति बनाये रखें, किसी भी प्रकार की घबराहट से बचें और अफवाहों से बचें तथा दूसरों को सही जानकारी प्रदान करें। साथ ही सभी से अनुरोध किया गया है कि इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने में पूरा सहयोग दें।

मृदा स्वास्थ्य पत्रक अनुरूप उर्वरक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी बोरगांव, कोंडागांव में मंगलवार को मृदा स्वास्थ्य पत्रक अनुरूप उर्वरक उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को मृदा स्वास्थ्य पत्रक के महत्व, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना था, जिससे टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने की।

'हर बेटी सक्षम अभियान' के तहत जिले में विविध जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ÷समान अवसर और भागीदारी हर बेटी सक्षम÷ अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।अभियान के तहत 03 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिनांक 01 दिसम्बर से 30 दिसम्बर एवं 5 दिसम्बर अंतराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर दिनांक 5 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस के अवसर पर दिनांक 10 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बालिकाओं की पहचान

कर स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बालिकाओं के शैक्षणिक जीवन को सहज एवं सुलभ बनाना तथा उनके भविष्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। इसके अंतर्गत दिव्यांग बालिकाओं के लिए विशेष करियर परामर्श एवं काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें उन्हें उनकी क्षमताओं के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही सफल दिव्यांग महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं रोजगार के अवसरों पर चर्चा की गई।

महिलाओं बच्चों के लिए आयोजित कर रहे कार्यक्रम

विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं, स्कूल एवं छात्रावास के बालक-बालिकाओं, समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को शिक्षा, स्वास्थ्य, संरक्षण, जीवन शैली, समान अधिकार, पोषण एवं देखरेख जैसे विषयों पर सशक्त एवं जागरूक बनाया गया। इसके लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, युवा संवाद कार्यक्रम, समाज में बालिकाओं की भूमिका एवं महत्त्व पर व्याख्यान तथा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। यह कार्यक्रम जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों में मिशन शक्ति, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, चाइल्ड लाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं नव बिहान के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनपद पंचायत सदस्यों, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, समस्त वार्ड पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

वन मंत्री ने पुसपाल में 11 करोड़ 18 लाख रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

■ 10 कार्यों का किया भूमिपूजन

■ ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता रू मंत्री केदार कश्यप

कोंडागांव/नवप्रदेश। मर्दापाल तहसील के ग्राम पंचायत पुसपाल में मंगलवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा कुल 11 करोड़ 18 लाख 21 हजार रुपये लागत के 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। यह सभी कार्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, साथ ही आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बस्तर पंडूम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन आदिवासी कला, संस्कृति और परंपराओं को पुनर्जीवित करने का सशक्त माध्यम है। हमारी परंपराएं बचेंगी तो हमारी पहचान और प्रकृति भी सुरक्षित रहेगी, उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील भी की।मंत्री श्री कश्यप ने इस अवसर पर निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित एसआईआर के द्वितीय चरण की जानकारी देते हुए कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से छूटने न पाए।जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम ने कहा कि शासन द्वारा स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण किया जा रहा है, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान किया जा रहा है, गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन, तथा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु समय-समय पर समाधान शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और आज का यह भूमिपूजन उसी का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

10 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन ग्राम पंचायत पुसपाल में स्टॉप डेम निर्माण के लिए 249.94 लाख रुपये, ग्राम खड़पड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 34.00 लाख रुपये, वहीं मर्दापाल मुख्य मार्ग से आदावल तक 5.50 किमी डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य के लिए 305.38 लाख रुपये, और पोहार से चेराकुड़ तक 6 किमी डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए 264.34 लाख रुपये, ग्राम रेंगागोंदी में नाले पर स्टॉप डेम सह पुलिया निर्माण के लिए 249.55 लाख रुपये,और राज्य कैम्पा वन विभाग अंतर्गत कोरमेल, जोंडेंगा, कोंगेरा, तोडेम एवं मड़गांव ग्राम पंचायतों में देव वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 05 देवगुड़ी निर्माण के लिए प्रत्येक कार्य हेतु 3.00 लाख रुपये स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को सरस्वती साइकिल योजना के तहत हासेल 6, मटवाल 11, हसालनार 39 एवं बयारनार 29, कुल 85 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर डीएफओ श्री चुड़ामणि सिंह, एडीएम श्री चित्रकांत चाली ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

ग्राम पंचायतों में उत्सव की तरह मनाया गया आवास और रोजगार दिवस

■ एक स्कैन से ग्रामीणों को मिली विकास कार्यों की जानकारी

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले की ग्राम पंचायतों में बुधवार को शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक अनूठी पहल देखने को मिली। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नए प्रावधानों से अवगत कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने के उद्देश्य से जिले भर में आवास दिवस और रोजगार दिवस का आयोजन एक महोत्सव के रूप में किया गया।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण तकनीक और पारदर्शिता का मेल रहा। ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से मनरेगा के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया कि कैसे वे अपने मोबाइल से एक स्कैन कर पंचायत में चल रहे कार्यों, व्यय और प्रगति की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कदम डिजिटल साक्षरता और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

दूसरी ओर आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके सपनों का घर जल्द पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों और हितग्राहियों की भागीदारी से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि अधूरे आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो, ताकि पात्र परिवारों को पक्की छत मिल सके। रोजगार दिवस के सत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रत्येक पंचायत में आजीविका डबरी के निर्माण और उसके बहुउद्देशीय उपयोग की जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों को समझाया गया कि वे किस प्रकार डबरी के माध्यम से मत्स्यपालन, बतख पालन और बाड़ी में सब्जी उत्पादन को एकीकृत कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकते हैं। इस महोत्सव ने न केवल ग्रामीणों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

पुर्नवासितों ने देखा बस्तर का सांस्कृतिक-ऐतिहासिक वैभव

जगदलपुर/नवप्रदेश। हिंसा का अंधेरा छोड़कर शांति और विकास की 'नुवा बाट' (नई राह) चुनने वाले पुर्नवासितों के लिए मंगलवार का दिन नई उमंग और सकारात्मक अनुभवों से भरा रहा। जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल के तहत जगदलपुर स्थित पुनर्वास केंद्र में निवासरत पुर्नवासितों को बस्तर के प्रमुख दर्शनीय, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस विशेष भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यटन नहीं, बल्कि मुख्यधारा में लौटे इन सदस्यों को भयमुक्त वातावरण का अनुभव कराना, क्षेत्र के विकास कार्यों से जोड़ना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से पुनः परिचित कराना रहा। भ्रमण की शुरुआत बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन से हुई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी ने अपने उज्ज्वल और शांतिपूर्ण भविष्य की कामना की। इसके पश्चात दलपत सागर और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के केंद्र 'दशहरा पसरा' का अवलोकन कराया गया, जहाँ उन्हें बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सदस्यों ने कलेक्टोरेट का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था और शासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। दिन का सबसे रोमांचक पड़ाव विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात रहा। प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य, गिरते झरनों की गर्जना और खुले वातावरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'नुवा बाट' के तहत आयोजित यह भ्रमण कार्यक्रम एक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पुनर्वास का भी महत्वपूर्ण प्रयास रहा। इससे पुर्नवासितों के मन में यह विश्वास और मजबूत हुआ कि हिंसा छोड़कर समाज के साथ कदमताल करने में ही जीवन की वास्तविक खुशी और उन्नति निहित है। खुली हवा में सांस लेते हुए और बस्तर की बदलती, विकासोन्मुख तस्वीर को अपनी आंखों से देखकर पुर्नवासितों ने महसूस किया कि शांति का मार्ग ही सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाता है।

ग्राम सड़क सर्वे ऐप में तकनीकी बाधा, सुकमा के 66 बसाहटों का सर्वे अटका

■ PMGSY फेज-IV, बैच-2 का कार्य प्रभावित, सांसद से हस्तक्षेप की मांग.....

नवप्रदेश सुकमा - प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-IV, बैच-2 के अंतर्गत सुकमा जिले की शेष 66 हैबिटेशनों (बसाहटों) का सर्वे कार्य गंभीर तकनीकी समस्या के चलते ठप हो गया है। सर्वे में उपयोग किए जा रहे केंद्र सरकार के अधिकृत तन्नरूष्ठ्य स्त्रङ्कश्वङ्घ श्च्च में बार-बार ÷स्ह्ल1द्गह्ल ह्श्वह्ल 1ड्डद्बद्यड्डह्ष्द्ग÷ की त्रुटि सामने आ रही है। जिससे सर्वे डाटा अपलोड नहीं हो पा रहा है और तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करना

असंभव होता जा रहा है।इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ऐप की तकनीकी खामी के कारण न केवल सर्वे कार्य बाधित है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।पत्र में यह भी रेखांकित किया गया है कि केंद्र सरकार की नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गति देने की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अंचल मुख्यधारा से जुड़ना चाहता है, लेकिन तकनीकी अड़चनें विकास के मार्ग में रोड़ा बन रही हैं। सर्वे डाटा सर्वर पर अपलोड न होने से शेष 66 हैबिटेशनों का सर्वे लंबित है।

सांसद प्रतिनिधि ने मांग की है कि संबंधित तकनीकी टीम/एजेंसी को तत्काल निर्देश देकर समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि सर्वे कार्य समय पर पूर्ण हो सके और सुकमा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क कनेक्टिविटी का लाभ मिल सके।तकनीकी खामी के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि जल्द हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो क्क्रूस्ङ्घ के तहत प्रस्तावित विकास कार्य और अधिक विलंब का शिकार हो सकते हैं।

पेज 1 का शेष

राजधानी की आईपीएचएल देश...

प्रयोगशाला ने अपने मानव संसाधन, अत्याधुनिक उपकरणों और उन्नत अधो संरचना का सफलतापूर्वक एकीकरण करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को प्राप्त किया है।

केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि यह उपलब्धि अन्य राज्यों के लिए एक राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह किया कि वह रायपुर मॉडल को श्रेष्ठ अभ्यास (बेस्ट प्रैक्टिस) के रूप में अपनाते हुए राज्य के अन्य जिलों और क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करे।

सुप्रीम कोर्ट बोला- कुत्तों के ...

होना चाहिए जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिए फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा, 'हम कुत्तों के खिलाफनहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है।' मामले की सुनवाई कल भी जारी रहेगी।

सरकारी नौकरियों में आरक्षण ...

आधारित चयन को और मजबूत करेंगे।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने 19 दिसंबर को राजस्थान हाई कोर्ट के एक फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि ओपन कैटेगरी का अर्थ है 'खुला' यानी इसमें शामिल होने की इकलौती शर्त मेरिट है। अदालत के फैसले से यह साफहुआ कि जाति, वर्ग या लिंग के आधार पर किसी को इससे बाहर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आवेदन पत्र में आरक्षित श्रेणी का उल्लेख कर देने भर से कोई उम्मीदवार अपने आप केवल आरक्षित पद के लिए योग्य नहीं हो जाता है।

आतंकवाद के खिलाफ..

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारतङ्कइजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

वेनेजुएला अमेरिका को ...

गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बर्बाद बताया।

फर्क समझो सरजी ट्रम्प के ...

मैं करूंगी। राहुल ने कहा, इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल ने यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था- 'प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा 'सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं।'

ट्रम्प ने दावा किया था- मोदी मिलने आए, पूछा- सर क्या आपसे मिल सकता हूं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले मंगलवार को कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50' टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।

सुकमा में 26 नक्सलियों ...

माड़ डिवीजन और एओबी क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं। इनमें सीवायपीसीएम ङ्क 01, डीवीसीएम ङ्क 01, पीपीसीएम ङ्क 03, एसीएम ङ्क 03 तथा 18 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इनमें से कई कैडर सुकमा, माड़ क्षेत्र और ओडिशा सीमा से सटे इलाकों में हुई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहे हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हुए घातक हमले भी शामिल हैं।

इन अधिकारियों की रही मौजूदगी

आत्मसमर्पण के दौरान किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा,सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी (डीआईजी कार्यालय) अजयमणि त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी, 212 वाहिनी सीआरपीफ वीरेंद्र सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 217 वाहिनी सीआरपीफ रोहित शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स),रविकांत सहारे, उप पुलिस अधीक्षक (विआशा),मोनिका श्याम, उप पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

गनियमों के उल्लंघन को ...

आई है, जब कुछ महीने पहले ट्रंप प्रशासन ने छात्र वीजा प्रक्रिया में बड़े बदलावों की घोषणा की थी। इनमें ज्यादा शुल्क, सोशल मीडिया की अनिवार्य जांच और छात्रों के अमेरिका में रहने की अवधि पर प्रस्तावित सीमा शामिल है।

नगर पालिका परिषद बड़े बचेली में खनन भूमि को लेकर बड़ा विवाद

■ कांग्रेस पार्षदों ने वन अधिकार अधिनियम के उल्लंघन का लगाया आरोप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बड़े बचेली में खनिज परियोजना को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा एवं परिषद की अनुमति के बिना खनन भूमि दिए जाने को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार, बैलाडीला लौह अयस्क डिपॉजिट-4 परियोजना के लिए लगभग 570.100 हेक्टेयर वन भूमि को खनन हेतु स्वीकृति दी गई है। यह भूमि वन कक्ष क्रमांक 1826, 1832, 1833, 1834, 1841, 1842, 1885 एवं 1886 में स्थित बताई गई है।

कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि दिनांक 15/12/2025 को आयोजित विशेष परिषद सम्मेलन में प्रस्ताव क्रमांक-08 के माध्यम से यह सहमति दी गई, जबकि इससे पहले वार्ड क्रमांक-18 में निवासरत स्स्न/स्ष्ट/ह्रक्चष्ट/त्रश्वह्र वर्ग के सैकड़ों परिवारों के जीवन, आजीविका और अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ने की बात उठाई गई थी।

पार्षदों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में खनन होने से 50 वर्षों से अधिक समय से निवासरत आदिवासी एवं अन्य परिवारों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। इसके बावजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आपत्तियों की अनदेखी कर अनुमति प्रदान की गई, जो कि वन अधिकार अधिनियम का सीधा उल्लंघन है।

कांग्रेस दल ने इस निर्णय को अनुचित, नियम विरुद्ध और भविष्य के लिए खतरनाक बताते हुए प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया है तथा प्रस्ताव क्रमांक-08 के अंतर्गत दी गई अनुमति/सहमति को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

इस मामले ने अब नगर पालिका से लेकर जिला प्रशासन तक हलचल मचा दी है। सवाल यह है कि क्या आदिवासियों के वन अधिकारों को नजरअंदाज कर खनन को हरी झंडी दी जा रही है?

न्यूज गैलरी

26 जनवरी के गरिमामय आयोजन कलेक्टर ने ली बैठक

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बलरामपुर में गणतंत्र दिवस समारोह 2026 की तैयारियों के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष मुख्य समारोह में परेड, आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समारोह की सभी तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया, अभिषेक गुप्ता सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रजत जयंती चावल उत्सव के साथ अभियान का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर जिले के निकटस्थ ग्राम कोदवाबानी में उचित मूल्य की दुकान पर रजत जयंती चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे, भाजपा नेता अरविन्द सिंह राजपूत, डॉ. सुरेश ठाकुर, नर्मदा सिंह राजपूत, विक्रेता कुलदीप सिंह राजपूत, ईश्वर जायसवाल, ईशवन मंगेशकर, बलदाऊ सिंह सहित अन्य स्थानीय व हितग्राहियों उपस्थित हुए।

जिले में सकट चौथ मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में मंगलवार को सकट चौथ का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कि एवं निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही व्रती महिलाऐं पूजा की तैयारी में जुटीं रहीं। शाम के समय मंदिरों और घरों में भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सकट चौथ पर विशेष रूप से गणेश जी को तिल, गुड़, मोदक और लड्डू का भोग अर्पित किया। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने चंद्रमा को प्रणाम कर अर्घ्य दिया और उसके बाद व्रत खोला।

कलेक्टर ने राइस मिलरों की समीक्षा बैठक लेकर धान उठाव व मिलिंग में पारदर्शिता के दिए निर्देश

धान मिलिंग में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी, ऑनलाइन सिस्टम से होगी निगरानी

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समितियों से धान का उठाव एवं मिलिंग कार्य को पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित रूप से एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप संपादित कराने के उद्देश्य से आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त राइस मिलरों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान मिलिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भंडारण अथवा अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। धान को किसी भी स्थिति में मिल परिसर अथवा अन्य किसी स्थान पर संग्रहित कर नहीं रखा जाएं। उन्होंने सभी राइस मिलरों को तत्काल प्रभाव से मिलिंग कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि वाहन की एंट्री केवल वैध गेटपास जारी होने के बाद ही ली जाए। सर्वर में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने की स्थिति में वाहन को रवाना नहीं किया जाएगा। धान परिवहन के दौरान यदि वाहन का टायर पंचर होता है अथवा वाहन में कोई तकनीकी खराबी आती है, तो उसकी फोटो सहित सूचना तत्काल कमांड सेंटर को अनिवार्य रूप से देना होगा। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संचालित की जा रही हैं, अतः सभी

संबंधित एजेंसियां एवं राइस मिलर गंभीरता, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। ऑनलाइन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में किसी भी प्रकार का अंतर पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर कलेक्टर जीएल यादव ने बैठक में शासन द्वारा लागू अलर्ट प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रणाली गलत गेटपास, ट्रक की क्षमता से अधिक धान लोडिंग, समिति द्वारा जारी डीएम एवं वास्तविक लोड में अंतर, फोटो में वाहन नंबर स्पष्ट न होना, ट्रिप प्रारंभ होने के पश्चात 20 मिनट से अधिक समय तक वाहन का अन्य स्थान पर खड़ा रहना, गेटपास आवक-जावक समय में अनियमितता जैसी गतिविधियों पर स्वतः अलर्ट जारी करती है। उन्होंने सभी राइस मिलरों से शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि मिल परिसर से अपलोड किए जाने वाले फोटो स्पष्ट हों, जिनमें लोडिंग ट्रक एवं ट्रक नंबर साफ दिखाई दें। गेटपास जारी करने, ट्रिप स्टार्ट एवं ट्रिप क्लोज करने की समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना, जिला विपणन अधिकारी (मार्कफेड) मनोज यादव, डीएम नान संदीप शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के राइस मिलर उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था मजबूत करने कलेक्टर और एसपी की संयुक्त बैठक

अवैध धान परिवहन पर सख्ती, संवेदनशील समितियों की नियमित जांच के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में कानून एवं व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने संयुक्त रूप से अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं डीएसपी-टीआई के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उनके पारस्परिक सहयोग से किसी भी बड़ी कानून-व्यवस्था की स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिना जिला प्रशासन की अनुमति के कोई भी हड़ताल, धरना या प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। साथ ही 18 वर्ष या उससे कम आयु के स्कूली छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की रैली या प्रदर्शन में शामिल नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि

अवैध रूप से धान के परिवहन की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध धान खपाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा जंगल क्षेत्रों में हो रही गतिविधियों पर विशेष ध्यान देकर संबंधित दुकानों के सीसीटीवी कैमरों से नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से धान खरीदी के संबंध में विकासखंडवार जानकारी ली। उन्होंने खुड़िया, छपरवा, अखरार जैसी संवेदनशील समितियों में धान खरीदी की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अवैध गतिविधियों को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर नामी कोचियों, बिचौलियों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अवैध धान की हेराफेरी पर पैनी नजर रखी जाए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकाबंदी करते हुए आने-जाने वाले सभी धान लदे वाहनों की नियमित जांच की जाए। बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को जिले में प्रवेश न करने दिया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, संबंधित सभी एसडीएम, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, तथा पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा एवं एएसपी मयंक तिवारी सहित सभी डीएसपी, टीआई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर 138वीं महाआरती में पंडित देवदत्त हुए शामिल

सक्ती/नवप्रदेश। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर शक्ति की महाआरती में पंडित देवदत्त उपाध्याय पुजारी श्री सिद्ध पहाड़ मंदिर, पेड़रवा ने हनुमान परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के साथ 51 दीपों की महाआरती हनुमान लला को समर्पित किया तो वहीं संध्या वैष्णव, अंजू देवांगन, चमेली राठौर, पुष्पा, शारदा के साथ नारी शक्तियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। आज पंडित देवदत्त उपाध्याय ने श्री सिद्ध हनुमान परिवार के महाआरती की तारीफ करते हुए सबके उज्जवल भविष्य की कामना की तो वहीं पंडित अजय उपाध्याय ने कहा कि हम सबको अपने बड़े बुजुर्गों का आदर सम्मान करना चाहिए क्योंकि उनके आशीर्वाद से ही हमारा जीवन सुखी और समृद्धशाली होगा। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय सिंह ने कहा कि महाआरती के प्रति युवाओं का लगाव हिंदुत्व के लिए शुभ संदेश है। इस अवसर पर पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने हनुमान लला का श्रृंगार पूजन के साथ आरती संपन्न कराया तो वहीं कोंडके मौर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा फोटोग्राफीट्ठ अमित तंबोली ने किया तो वहीं सुबह काश्रृंगार-साहिल अग्रवाल तथा शाम का श्रृंगारट्ठ सहस अग्रवाल के द्वारा कराया गया तथा प्रसाद व्यवस्थाट्ठ अमित तंबोली, पप्पू खर्रा, चमेली राठौर के द्वारा किया गया। आज सिंदूर अभिषेक- राम गोपाल देवांगन,सावित्री यादव के द्वारा कराया गया तो सुंदरकांडपाठ- अमन डालमिया, आदित्य अग्रवाल, गितेश कुमार पांडेय, एकांश बरेठ, विनय कुमार के द्वारा कराया गया। आज की आरती में विशेष रूप से पंडित अजय उपाध्याय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो वहीं लक्ष्मण दत्त उपाध्याय, विजय उपाध्याय, हर प्रसाद तिवारी , नारायण तिवारी , भुनेश्वरी द्विवेदी आचार्य गण के साथ बिलासपुर से ह्यड्डस्न्ढ्ढद्ग लाल पटेल आदि श्रद्धालु जन महाआरती में शामिल होकर हनुमान लला की आशीर्वाद प्राप्त किए।

26 जनवरी का जिला स्तरीय समारोह जेठा की जगह सक्ती में कराने कलेक्टर को सौंपा पत्र

सक्ती/नवप्रदेश। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तावित जिला स्तरीय मुख्य समारोह को जेठा की बजाय सक्ती नगर में आयोजित कराने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र सौंपा है।

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा यह पत्र छत्तीसगढ़ शासन के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ-साथ जांजगीर लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो को भी दिया गया है। पत्र में उल्लेख किया है कि सक्ती जिला मुख्यालय होने के कारण प्रशासनिक, भौगोलिक एवं जनसुविधाओं की दृष्टि से जिला स्तरीय समारोह के लिए अधिक उपयुक्त स्थान है। यहां पर्याप्त मैदान, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध के साथ-साथ आमजन की अधिकतम सहभागिता सहज रूप से सुनिश्चित की जा सकती है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने पत्र में यह भी बताया कि जेठा जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे वहां जिला स्तरीय आयोजन होने पर स्कूलों के बच्चों, पालकों एवं आम नागरिकों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है। विशेष रूप से विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस संबंध में प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने नगर पालिका अध्यक्ष को आश्वासन दिया है कि उनकी बातों को गंभीरता से सुना गया है और इस विषय में आवश्यक पहल करते हुए मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सक्ती नगर में आयोजित कराने की अपेक्षा व्यक्त की है, जिससे यह राष्ट्रीय पर्व सुविधा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया जा सके।

प्राथमिक स्कूलों में दो दिवस अवकाश घोषित

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अन्य विद्यालयों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेशानुसार 07 एवं 08 जनवरी 2026 को स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। इस दौरान कक्षा 1 से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं को अवकाश प्रदान किया गया है, जबकि कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय अनुसार संचालित होंगी।

मुंगेली साहित्य मंच के सम्मान समारोह में साहित्य, शौर्य और संस्कृति का संगम

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। 'कविता चौराहे पर साहित्य मंच, मुंगेली' का 21वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द्र श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य तथा बिलासपुर के साहित्यकार विजय कुमार तिवारी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए साहित्यकारों एवं नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रथम सत्र में नक्सल उन्मूलन में शहीद स्व. राजकमल कश्यप के माता-पिता को 'वीर बलिदान सम्मान' तथा साहित्यकार बुधराम यादव को 'आजीवन साहित्य सेवी सम्मान' से सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में

बीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं विजय तिवारी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों के रचनाकारों ने काव्य प्रस्तुतियाँ दीं। कवि गौरव अग्रवाल की कविताओं ने विशेष प्रभाव छोड़ा। अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय तिवारी ने उनकी साहित्यिक संभावनाओं की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संयोजन राकेश गुप्त द्वारा किया गया।

प्रशासन की सतत निगरानी से 750 बोरी अवैध धान जब्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है जिसके अंतर्गत अवैध धान परिवहन, भंडारण में संलिप्त एवं कोचियों बिचौलियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में अनुविभाग वाड्रफनगर क्षेत्र अंतर्गत गत मध्य रात्रि अवैध धान परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। गिरवानी मार्ग के रास्ते उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर एक ट्रक में अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक में लगभग 750 बोरी धान लोड थी, जिसे बिना वैध दस्तावेजों के ले जाया जा रहा था। मध्य रात्रि बैरियर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा जब संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, तो चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। जिसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री नीर निधि नंदेहा के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए तहसीलदार वाड्रफनगर, तहसीलदार रघुनाथनगर, नायब तहसीलदार एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा रात में ही सघन सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। लगभग 25 किलोमीटर क्षेत्र में चलाए गए इस व्यापक सर्च अभियान के दौरान विभिन्न संभावित मार्गों,

गांवों क्षेत्रों की गहन जांच की गई। लगातार प्रयासों के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस टीम को पेंडारी क्षेत्र में अवैध धान से भरे ट्रक को पकड़ लिया गया। जिसे वाड्रफनगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया। जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण पर शासन के निर्देशानुसार धान उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने तथा किसानों के हितों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में बैरियरों पर सतर्कता बढ़ाई गई है और नियमित जांच की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.)नंदेहा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाइयां जारी रहेंगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध धान परिवहन या भंडारण की जानकारी तुरंत दें।

बैठक | धान खरीदी, सरगुजा ओलंपिक और बायोमेट्रिक उपस्थिति पर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागों की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

बैठक में उन्होंने आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, सरगुजा ओलंपिक के प्रचार-प्रसार, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं, सहित विभिन्न विषयों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधीनस्थ कार्यालयों में ई-ऑफिस में ऑनबोर्डिंग हो चुकी है जिससे कार्य के प्रति अनुशासन रहेगा। उन्होंने पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में समय पर उपस्थिति देने के निर्देश दिए। सरगुजा ओलंपिक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और खेल प्रतिभाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बेहतर प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सरगुजा ओलंपिक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छुपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में आवश्यक है कि इस आयोजन की जानकारी प्रत्येक ग्राम, नगरीय निकाय, विद्यालय एवं युवाओं तक पहुंचे, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी इसमें सहभागिता कर सकें। कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने धान उपार्जन, उठाव व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि धान खरीदी केन्द्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार ही धान की तौल सुनिश्चित की जाए, ताकि पारदर्शी और सुचारू रूप से खरीदी प्रक्रिया संपन्न हो सके। उन्होंने अवैध धान खपाने वाले कोचियों व बिचौलियों पर विशेष नजर रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की आवाजाही रोकने हेतु चेकपोस्ट पर सघन निगरानी रखने के निर्देश दिए।

सरगुजा में चिकित्सा विशेषज्ञ पदों हेतु वॉकिंग इंटरव्यू से संविदा भर्ती

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला सरगुजा अंतर्गत जिला खनिज न्यास संस्थान के माध्यम से जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा रिक्त चिकित्सा विशेषज्ञ पदों की पूर्ति हेतु वॉकिंग इंटरव्यू के माध्यम से संविदा भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उक्त भर्ती से संबंधित विस्तृत सूचना एनआईसी (ह्वद्बष्ट)की आधिकारिक वेबसाइट www.surguja.gov.in पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कर इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अंबिकापुर, जिला सरगुजा में प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे तथा उसी दिन वॉकिंग इंटरव्यू की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। यह प्रक्रिया रिक्त पदों की पूर्ति होने तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर भर्ती प्रक्रिया में भाग लें।

न्यूज गैलरी

मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

एमसीबी/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के अंतर्गत ग्राम बाजार पारा तहसील खड़गवां निवासी रामप्रसाद की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती बसंती को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम सेमरा तहसील नागपुर में शिवनारायण चक्रधारी की मृत्यु कुंआ के पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक की पत्नी धनेश्वरी बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि पीड़ित परिवार को आपदा की कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त राहत उपायों के अंतर्गत दी गई है। स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 के मुख्य शीर्ष-2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आज

एमसीबी/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक 8 जनवरी को दोपहर 01 बजे कलेक्टर कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने समिति से जुड़े समस्त जिला अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि आधार से संबंधित कार्यों की प्रभावी समीक्षा एवं आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

भागवत कथा में उमड़ने लगा आस्था का सैलाब

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर के प्राचीन स्वयं- भू-शिवमदिर प्रांगण में कलश यात्रा के साथ शुरू हुये श्रीमद्भागवत कथा में नित्य प्रति श्रोता श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है । कथाकार पंडित रामानुरागी जी के मुखारविंद से भगवान श्री हरि विष्णु के सभी अवतारों का संगीतमय चरित्र चित्रण किया जा रहा है । साथ ही कथावस्तु के मुताबिक कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण राधा रानी के सुसज्जित आकर्षक मनोहारी झांकी निकाल कर श्रोताओं की स्वस्थ मनोरंजन की जा रही है। बनाये गये कार्यक्रम के अनुसार प्रथम दिवस वृंदावन कलाकारों द्वारा भजन नृत्य, द्वितीय दिवस शिव विवाह तृतीय दिवस श्री राम जन्मोत्सव चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्सव पंचम दिवस गोवर्धन पूजा षष्ठम दिवस रूक्मणी विवाह तथा सप्तम दिवस फूल वर्षा एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश, लापरवाही पर सख्त रुख

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर और एसपी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए और अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में ग्राम हेडसपुर निवासी रामझुल जायसवाल ने बैटरी चलित विकलांग साइकिल उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम खपरी सरगांव की गनेशिया बाई ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित राशि दिलाने की मांग रखी। ग्राम संगवाकापा के लखनराम साहू ने पारिवारिक फौती दर्ज कराने संबंधी आवेदन दिया। इसके

अतिरिक्त ग्राम अमोरा के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की शिकायत करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं नगर पालिका मुंगेली अंतर्गत रामगोपाल तिवारी वार्ड निवासी श्री विरेंद्र जायसवाल ने वार्ड में पेयजल नल व्यवस्था को दुरुस्त कराने हेतु आवेदन दिया। ग्राम दुल्हीनबाय निवासी संजय मोहले ने सौर ऊर्जा मोटर पंप की मरम्मत एवं पुनः चालू कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब बिक्री जैसी शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का प्राथमिक निराकरण किया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ।

फसल नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं में आई उल्लेखनीय कमी

ग्राम पंचायत पालचुवा बनी घुमंतु पशुधन मुक्त पंचायत, किसानों को बड़ी राहत

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पालचुवा ने पशुधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल करते हुए स्वयं को ÷घुमंतु पशुधन मुक्त पंचायत÷ घोषित किया है। इस अभिनव कदम से न केवल किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान पर रोक लगी है, बल्कि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हुई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की ÷गौ सेवा संकल्प अभियान÷ से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 200 निराश्रित एवं घुमंतु पशुओं के लिए व्यवस्थित गौठान की स्थापना की गई है। गौठान में 100 ट्रैक्टर पैरा, हरा चारा एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही सौर ऊर्जा आधारित 5 एच.पी. का पावर पंप लगाकर पशुओं के लिए निरंतर

जलापूर्ति सुनिश्चित की गई है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आरएम त्रिपाठी ने बताया कि लगभग 02 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस गौठान में पशुओं के विचरण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे खुले में भटकने के बजाय सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण में रह सकें। ग्राम पंचायत सरपंच श्री विनय बंजारा की अगुवाई में इस पहल से बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों का बेहतर प्रबंधन, सेवा एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस पहल के परिणामस्वरूप किसानों की फसलों को होने वाला नुकसान लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि ÷गौ सेवा संकल्प अभियान से प्रेरित होकर विकासखंड पथरिया की ग्राम पंचायत धरदेई को भी घुमंतु पशुधन मुक्त पंचायत घोषित किया जा चुका है। पशुधन विभाग, मुंगेली द्वारा जिले की अन्य ग्राम पंचायतों से भी अपील की गई है कि वे इसी प्रकार जनसहयोग से गौठानों में घुमंतु पशुधन को संरक्षित रखें, जिससे किसानों की फसल, पशुधन एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप लक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने मिशन 90 प्लस के अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु सभी नोडल स्कूलों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण, अध्यापन स्तर एवं विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार के लिए शिक्षकों और छात्रों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में आगामी जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। जिला सांख्यिकी अधिकारी से जनगणना की प्रक्रिया, चरणबद्ध कार्ययोजना एवं प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई, ताकि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने संबंधित विभागों को संयुक्त टीम बनाकर शहर भ्रमण करने और साफ-सफाई की स्थिति का नियमित निरीक्षण करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे। समय-सीमा बैठक के माध्यम से जिले में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, तीनों अनुविभागों के एसडीएम सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पोषण पुनर्वास केंद्र से सैकड़ों अति कुपोषित बच्चे हुए सुपोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में पोषण पुनर्वास केंद्र का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए गंभीर रूप से कुपोषण से पीडित बच्चों को इससे निकालने हेतु सफल प्रयास किया जा रहा है। पोषण पुनर्वास केन्द्र का उद्देश्य अति गंभीर कुपोषित बच्चों, विशेष रूप से चिकित्सा जटिलताओं के साथ भर्ती अति गंभीर कुपोषित बच्चों के बीच मृत्यु दर को कम करने के लिए वैज्ञानिक प्रबंधन करना है। अतिगंभीर कुपोषित बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना। शिशुओं और छोटे बच्चों की उचित खान-पान और देखभाल के तरीकों को लेकर माताओं और देखभालकर्ता की क्षमतावर्धन करना। बच्चों में गंभीर कुपोषण के सामाजिक कारणों की पहचान करना है। जिला चिकित्सालय में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में अप्रैल 2025 से दिसम्बर 2025 तक, 178 बच्चों का सफल उपचार कर सुपोषित किया गया है। इसी तरह 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल लोरमी में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में 125 बच्चों को एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में 112 बच्चों को भर्ती कर सुपोषित किया गया है। पोषण पुनर्वास केन्द्र कार्यक्रम राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण किया जाना है। केन्द्र में 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती किया जाता है, जहां उन्हें 15 दिनों तक विशेष उपचार पोषण मुक्त आहार कराया जाता है, केन्द्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर निःशुल्क उपचार, प्रोटीन, विटामिन, समृद्ध आहार, जरूरी दवा दी जाती है, ताकि वे सुपोषित हो सके। साथ ही सुपोषण दिवस, अन्नपूर्णा पोषण दिवस, पोलियो दिवस, स्तनपान दिवस जैसे प्रोग्राम से जोड़कर जागरूक किया जाता है।

गाय-बैल चोरी के 7 गिरफ्तार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शहर में लगातार बढ़ रही गाय-बैल चोरी की घटनाओं में सरगुजा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कोतवाली और थाना गांधीनगर के सहयोग से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 मवेशी, 12,750 रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त 3 पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ऋषिकेश मिश्रा ने 4 जनवरी की रात लगभग 11.30 बजे गंगापुर से रिंग रोड होते हुए घर लौटते समय देखा कि तीन पिकअप वाहनों में 4-5 गाय-बैल जबरन लोड किए जा रहे हैं। उन्होंने वाहन नंबर नोट किए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मुखबीर से मिली जानकारी के आधार पर रनपुरखुर्द बस्ती के पास तीनों पिकअप वाहनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अजहर खान (22), शोएब शाह (23), जुनैद आलम (23), अफसार (25), तकिर खान (43), आदम शाह (30) और रेफाज खान (26) शामिल हैं। सभी आरोपी साई टांगरटोली चौकी लोदाम, जिला जशपुर के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि वे चोरी किए गए मवेशियों को झारखंड के मवेशी बाजार में बेचते थे। पुलिस ने बताया कि अजहर खान और अन्य आरोपियों के विरुद्ध पहले से भी कई चोरी एवं पशु कुचुरता से संबंधित मामले दर्ज हैं।

जिले में चावल महोत्सव, रोजगार व आवास दिवस का संयुक्त आयोजन

■ **ग्रामीणों से योजनाओं पर संवाद, आजीविका संवर्धन को मिला प्रोत्साहन**

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के कुशल मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आज चावल महोत्सव, रोजगार दिवस तथा आवास दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, मनरेगा मजदूर, सरपंच-पंच, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा टीम की सक्रिय सहभागिता रही।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)- आवास दिवस

आवास दिवस के अवसर पर हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रावधानों, किस्तों की वर्तमान स्थिति, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी भुगतान से संबंधित जानकारी दी गई। हितग्राहियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवास निर्माण कार्यों में गति लाने पर विशेष जोर दिया गया।

चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस

चावल महोत्सव के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासन की मंशा अनुसार चावल का वितरण सुनिश्चित किया गया। वहीं रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा के तहत उपलब्ध रोजगार अवसरों, चल रहे एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई, जिससे

अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत ग्राम योजना विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी रामजी योजना के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत ग्रामीण परिवारों के उन वयस्क सदस्यों को, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले सभी कार्यों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक में शामिल किया जाएगा, जिससे ग्रामीण सार्वजनिक कार्यों के लिए एक सशक्त एवं एकीकृत राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार होगा। इसमें जल संरक्षण एवं जल-संबंधी कार्यों, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़े कार्यों तथा प्रतिकूल मौसमी प्रभावों को कम करने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

क्यूआर कोड के माध्यम से जानकारी

कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में पूर्व से स्थापित क्यूआर कोड के माध्यम से मोबाइल स्कैन कर योजना एवं विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी ग्रामीणों को समझाई गई।

मनरेगा में पारदर्शिता- क्यूआर कोड

ग्रामीणों को मनरेगा में पारदर्शिता के महत्व से अवगत कराते हुए क्यूआरकोड स्कैन करने की विधि बताई गई, जिससे वे अपने गांव में चल रहे एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की सूची आसानी से देख सकें।

आजीविका डबरी - स्वरोजगार की दिशा में पहल

रोजगार दिवस के दौरान आजीविका डबरी के निर्माण तथा उनमें आजीविका संवर्धन से संबंधित आगामी गतिविधियों के अभिसरण विषय पर सार्थक चर्चा की गई। अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को डबरी निर्माण हेतु प्रेरित किया गया, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके। इस संयुक्त आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों में शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा रोजगार, आवास और आजीविका से जुड़े लाभों को लेकर एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

निरीक्षण | कलेक्टर का बीआर साव शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

पाठ्यपुस्तक वितरण और साफ-सफाई में लापरवाही पर शिक्षकों को नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला मुख्यालय स्थित बीआर साव शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, कक्षाओं में अव्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विषयों की पाठ्य-पुस्तकों का समुचित वितरण विद्यार्थियों को नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने संबंधितों को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल की समस्या, टूटी खिड़कियां तथा बच्चों से साफ-सफाई कराए जाने की बात बताई। इन सभी कमियों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप प्राचार्य राजेन्द्र क्षत्री, प्रधान पाठिका शकुंतला राजपूत एवं व्याख्याता अनीता दीक्षित को विद्यालय में साफ-सफाई एवं व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश

दिए। इसके अतिरिक्त व्याख्याता दिनेश कुमार घोसले को पाठ्य-पुस्तकों का उचित एवं समय पर वितरण सुनिश्चित नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, बेहतर प्रदर्शन करने एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन कक्षाओं एवं कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में निर्माणाधीन नए विज्ञान प्रयोगशाला की कार्यप्रगति का भी जायजा लिया एवं कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

चुभती सर्द हवाओं से कांपा जनजीवन



लखनपुर/नवप्रदेश। सर्दी का सितम- बजाये कम होने के बढता जा रहा है। फिज़ा में चुभती सर्द हवाओं तथा कोहरे का पहरा लगा हुआ है। ठिठुरती सर्दी से खुद ठंड से कंपकंपाने लगा है। तापमान गिरने से जनजीवन प्रभावित है राहत पाने दिन में भी आग अलाव का सहारा लिया जा रहा है। मोटर गाड़ी सबेरे दिन के उजाले में हेड लाइट जला कर मुख्य मार्ग पर चल रहे हैं। सुबह क़ोहरे का असर इस हद तक कि दूर तो दूर पास की वस्तु भी नजर नहीं आ रही है। कुहासे के साथ ओस की बूंदें पढ़ने से ठंड में इजाफा हुआ है। कंपकंपाती ठंड बढ़ गई है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपे। उन्होंने मुख्य अतिथि आगमन, ध्वजारोहण के कार्यक्रम के साथ ही बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, पेयजल, स्वल्पाहार, साफ-सफाई, पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन प्रतिबद्धतापूर्वक करेंगे। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित झाँकी तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एसआईआर में गड़बड़ियों को लेकर बूथ ऑब्जर्वर से मिले : शास्त्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 42 में एसआईआर के तहत मतदाता सूची में की गई बूथ पुनर्रचना में अनियमितताएं सामने आई हैं। पूर्व पार्षद एवं युवा नेता ऋषि शास्त्री ने बूथ ऑब्जर्वर से मुलाकात कर तीन बूथों की नई और पुरानी मतदाता सूची का निरीक्षण किया।निरीक्षण में पाया गया कि पहले जहां दो बूथ थे, उन्हें मांग के अनुसार तीन भागों में बांटा गया, लेकिन इसमें संतुलन नहीं रखा गया। तीन में से दो बूथों में मतदाताओं की संख्या अत्यधिक दर्ज की गई है, जबकि नए बनाए गए बूथ में अन्य दोनों की तुलना में लगभग आधी जनसंख्या दर्शाई गई है। नई मतदाता सूचियों में नाम हस्तांतरण की भी गड़बड़ियां मिली हैं। कई मामलों में एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग अनुभागों में दर्ज पाए गए। इसके अलावा कुछ मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में जोड़ दिए जाने की भी जानकारी सामने आई है। शास्त्री ने बताया कि संबंधित मतदाताओं को इसकी जानकारी देकर संशोधन कराने को कहा गया है। साथ ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आगामी दिनों में डोर-टू-डोर लिस्टिंग की जाएगी। इन सभी विषयों की जानकारी कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन को दी गई है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर आवश्यक सुधार की मांग की जाएगी।

नेशनल हाईवे में आधा दर्जन जगहों पर बनेगा सर्विसलेन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नेशनल हाइवे 53 पर सोमनी से चिचोला तक सुरक्षित यातायात हेतु दुर्घटना मुक्त क्षेत्र में सर्विस रोड व वाहन अंडर पास का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ होने वाला है। हाइवे में दुर्घटना रोकने चार जगह पर सर्विस लेन का निर्माण किया जाएगा। राजनांदगांव में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर परिवहन की सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर सोमनी से लेकर चिचोला तक वाहन सुरक्षा के लिए सड़क सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें कुल वाहन अंडरपास और सर्विस मार्ग निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सोमनी से चिचोला तक हादसा मुक्त आवागमन की दिशा में जल्द कार्य प्रारंभ होगा। वहीं 108 करोड़ की लागत से सोमनी से लेकर चिचोला तक सड़क पर विकास कार्य पूरे होंगे। इस दिशा में मठगांव कुंज से इंदिरापेट नगर बायपास तक दोनों तरफ सर्विस रोड और पेड़ी में वाहन अंडर पास के लिए कुल 47 करोड़ लागत, सुंदरा डेंटल कॉलेज से पारी नाला तक एक तरफ के सर्विस रोड निर्माण के लिए 7.8 करोड़ लागत, सोमनी गांव के दोनों छोर पर मोड़ तथा खुर्सी मोड़ तक सर्विस रोड के निर्माण के लिए लगभग 4.78 करोड़ की लागत, महाराजपुर के लिए वाहन अंडरपास एवं मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ सर्विस रोड के लिए कुल 22 करोड़ की लागत और चिचोला, एप्पल नगर, डोंगरगढ़ रोड के पास वाहन अंडरपास एवं मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड के लिए कुल 27 करोड़ की लागत से टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने अटल बिहान खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

19 पंचायत की महिलाएं प्रतियोगिता में हो रही है शामिल

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बड़ेजपुर में विधायक ट्रॉफी अटल बिहान खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया विधायक की पहल पर यह विधायक ट्रॉफी अटल बिहान खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 19ग्राम पंचायत की महिलाएं प्रतियोगिता में भाग ले रही है।महिलाओं के बीच कबड्डी खो खो रस्सा कसी, मटका फोड़, मटका दौड़, जलेबी गुलाब जामुन खेल, 100 मीटर की दौड़ रस्सी कूद ,सुई धागा प्रतियोगिता एवं संस्कृति कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्य, व नाटक की प्रतिस्पर्धा होगी ।विधायक नीलकंठ ने कहा कि अगले साल इसे और वृहद रूप में किया जाएगा नीलकंठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले दिनों में बड़ेराजपुर क्षेत्र की महिलाएं कोंडागांव जिले में अपनी अलग पहचान बनाएंगी विधायक ने कहा कि जब वह कोंडागांव जिले के कलेक्टर थे बड़ेराजपुर में सप्ताह में दो बार जनपद कार्यालय लगवाने की व्यवस्था की थी। अभी मैं वर्तमान कलेक्टर से बोला है की बड़ेराजपुर में महीने में चार बार तहसील एवं जनपद कार्यालय बड़ेराजपुर में लगवाया जाए।जब तहसील और जनपद कार्यालय आएगा तो जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 15 विभाग भी आपको सप्ताह में एक बार बड़ेराजपुर में मिलेंगे विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले दिनों में बड़ेराजपुर क्षेत्र का विकास और तेज होगा जिससे कि यहां के लोगों की तरक्की होगी एवं आवागमन के साधन को भी और दुरुस्त किया जाएगा वर्तमान में बड़ेराजपुर से कोंडागांव के लिए दिन में दो बार बस चलने की व्यवस्था एवं बड़ेराजपुर से राजधानी रायपुर तक की बस की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। आने वाले दिनों में आवागमन के साधन को और मजबूत किया जाएगा।

कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ सरपंच ग्राम पंचायत बड़ेराजपुर हेमबाई मरकाम मंडल अध्यक्ष विश्रामपुरी मन्ना राम मरकाम, मंडल अध्यक्ष बडेराजपुर लालाराम मरकाम एवं जनपद सदस्य व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश सचिव संगीता पोयम योगेश पांडे एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल ग्रामीणों को दिया जा रहा लालच

धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि डेविड चाको छह महीने अमेरिका और छह महीने राजनांदगांव में रहता है। जिला प्रशासन ने उसका नेहरू नगर स्थित चर्च पहले बंद कर दिया था, लेकिन अब वह धर्मापुर में इसी तरह की गतिविधियां चला रहा है। यहां संचालित अनाथ आश्रम में पिछले तीन वर्षों से 15 नाबालिग आदिवासी बच्चे गैरकानूनी ढंग से रखे गए हैं, जो सभी कांकेर जिले के उस गांव से हैं। जहां सबसे ज्यादा धर्मांतरण हो रहा है।

हिंदू संगठन ने विदेशी फंडिंग मिलने का लगाया आरोप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के धर्मापुर क्षेत्र में विदेशी फंड से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के गंभीर आरोप लगते हुए मामला गरमाया हुआ है। ग्रामीणों और हिंदू संगठनों का दावा है कि श्री डेविड चाको नामक व्यक्ति को यहां रहने के लिए जगह दी गई थी, लेकिन वह विदेशियों से फंड लेकर खुलेआम धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहा है।

करोड़ों रुपये की लागत से बना चर्च बिल्डिंग और अनाथ आश्रम इसकी गवाही दे रहा है। आज हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस का भारी अमला स्थिति नियंत्रित करने पहुंचा।

ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने लगाए आरोप

इन बच्चों को ईसाई बना दिया गया है। ग्राम सरपंच और सचिव ने स्पष्ट कहा कि डेविड चाको को केवल आवासीय प्रयोजन के लिए अनुमति दी गई थी, यदि यहां चर्च या अनाथ आश्रम चलाया जा रहा है तो यह पूरी तरह गैरकानूनी है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रलोभन और विदेशी धन से गरीब आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आयोजन स्थल का घेराव करने की कोशिश की और नारेबाजी की, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर समझाइश दी और स्थिति शांत कराई। किसी तरह की हिंसा नहीं हुई, लेकिन पुलिस ने आयोजनकर्ताओं से दस्तावेज मांगे और पूछताछ की। यदि शिकायत दर्ज होती है तो छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। हिंदू संगठनों ने सरकार से सख्ती की मांग की है कि ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ाई जाए। दूसरी ओर, आयोजन में शामिल लोग इसे सामान्य प्रार्थना सभा बता रहे हैं। जिले में हालिया महीनों में धर्मांतरण के कई विवाद सामने आए हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ा है। प्रशासन ने शांति की अपील की है और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी है। सवाल उठ रहा है कि जिला प्रशासन को इन गतिविधियों की भनक क्यों नहीं लगी?

अवैध पेड़ कटाई को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा ज्ञापन

अंतागढ़ /नवप्रदेश। ब्लाक अंतर्गत ग्राम घुमसिमुंडा के ग्रामीणों ने आज वन परिक्षेत्र कार्यालय अंतागढ़ पहुंच कर वन मंडलाधिकारी भानूप्रतापपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में ग्रामीणों के द्वारा अवैध कटाई करने वालो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि गांव के कुछ लोगो के द्वारा सामरगोंदा जंगल में वन समिति गुमसिमुंडा पटेलापार के बिना अनुमति के अवैध पेड़ कटाई किया गया है।वही ग्रामीणों ने आगे बताया की इन सभी को अवैध कटिंग नही करने के लिए ग्रामीणों के द्वारा बैठक कर समझाइए भी किया गया जिसके बाद भी ये नही मान रहे है जिसके चलते कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग करते है। वही ग्रामीणों ने ज्ञापन में अवैध कटिंग करने वालों के नाम स्पष्ट तौर से लिखा गया है।जिसमे भुनेश्वर पिता कवल सिंह, सुरेंद्र पिता खुन्ने लाल, भारत पिता पदम सिंह, कलम सिंह पिता तुलसी राम,नागेश पिता रूप सींग आदि सामिल हैं।

महापौर एवं कलेक्टर ने लिया मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा

■ कलेक्टर ने जल शोधन प्रक्रिया देख, शिवनाथ नदी में रॉ वाटर की ली जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा लिए। महापौर श्री यादव ने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व संयंत्र का संधारण करने सभी पंप दुरूस्त कर आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश दिए, वही कलेक्टर श्री यादव ने मोहारा के 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट का निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया देख शिवनाथ नदी में रॉ वाटर के संग्रहण की जानकारी ली।

महापौर श्री यादव मोहारा जल संयंत्रगृह के तीनो प्लांटो का क्रमशः निरीक्षण कर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, पंप आदि को दुरूस्त रखे, अतिरिक्त मोटर भी रखे ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। उन्होनें प्लांट के सीएफएल व फिल्टर बेड के अलावा सभी पानी टंकीयो की सफाई करने के भी निर्देश दिए, जिससे आम जनता को गर्मी में सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी तथा एलम की उपलब्ध मात्रा की जानकारी लेकर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा। उन्होंने तीनो प्लांट तथा जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी ली। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते हुये बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है।

आयुक्त ने आगे जानकारी दी कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 15 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है।

कलेक्टर श्री यादव ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया ।

और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जॉच कर जानकारी लिये। उन्होने कहा कि पाईप लाईन लिकेज एवं गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करे। किसी भी प्रकार की खराबी आने पर आमजनों को भी सूचित करे।

विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम गांवों की तस्वीर और तक़दीर बदलेगा : गजेंद्र यादव

■ मनरेगा से अधिक प्रभावी पारदर्शी और रोजगारपरक है विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम शताब्दी पांडे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित प्रेस वार्ता की शुरुआत जिला मीडिया सह प्रभारी रवि सिन्हा द्वारा विषय प्रस्तुति एवं अतिथियों के परिचय एवं स्वागत उद्बोधन के साथ की गई। इसके पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम 2025 लाया गया है। यह अधिनियम देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मानपुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

■ नक्सलियों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया

मानपुर/नवप्रदेश। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा जिला नक्सल-मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर एवं प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें नक्सलियों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया है। थाना मोहला क्षेत्रांतर्गत स्थित परवीडोह की पहाड़ी, जो कि घने जंगलों एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाली है, पूर्व में नक्सलियों की गतिविधियों का प्रमुख गढ़ रही है। इसी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से सलवाही माइन (पाइप बम) तैयार करने के लिए विस्फोटक सामग्री को छुपाकर रखा गया था।

6 जनवरी 2026 को डीआरजी टीम जिला पुलिस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं आईटीबीपी के संयुक्त दल द्वारा परवीडोह पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा सतर्कता एवं सूझ-बूझ के साथ कार्रवाई करते हुए नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया कुल 11 नग सलवाही माइन (पाइप बम) निर्माण में प्रयुक्त विस्फोटक डंप बरामद किया गया। समय रहते इस डंप को बरामद कर निष्क्रिय किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी नक्सली वारदात को विफल कर दिया गया है। इस प्रभावी एवं साहसिक कार्रवाई से जिले में सक्रिय नक्सली संगठनों में भय एवं भागदौड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप शिवसेना ने जन आंदोलन की दी चेतावनी

नवप्रदेश में खबर लगने के बाद शिवसेना ने ज्ञापन सौंपा

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ से चारगांव मेटाबोदेली माइंस तक निर्माणाधीन सड़क में भारी अनियमितता और लीपापोती को लेकर नवप्रदेश में बुधवार को खबर छपी थी जहां सड़क में भारी अनियमितता का आरोप सामने आए हैं। इस मामले को लेकर शिवसेना ने भी मोर्चा खोल दिया है आज अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी नाराजगी जताई है तथा मांगें पूरी न होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी है।

शिवसेना के पदाधिकारियों और ग्रामीणों का आरोप है कि माइंस प्रबंधन द्वारा पक्की और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण का वादा किया गया था, लेकिन वर्तमान में सड़क के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंतागढ़ विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी कई सड़कें मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर ही जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं, जहां जगह-जगह एक-एक फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।संगठन का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। शिवसेना ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि ग्रामीणों से किए गए वादे के अनुसार शीघ्र गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो संगठन ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र जन आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राम नारायण, कुलवंत सिंह, जियाराम सलाम, भावेश सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क./202308140100028/अ-1/2022-23

(उद्घोषणा)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. श्री महाराजा उदय प्रताप देव एवं अन्य 05 की से श्री बी.एस. ठाकुर अधिवक्ता कांकेर द्वारा अंतर्गत धारा 57(2) सहपठित धारा 158(2) छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत् नगर कांकेर में अनुसूची 01 में वर्णित भूमि मोहल्ला भोईपारा कांकेर स्थित शीट नम्बर 11 डी. प्लाट नम्बर 1/1, 1/2, 1/3, शीट नम्बर 12 सी, प्लाट नम्बर 1, 2, 31, 39/1 मोहल्ला राजापारा कांकेर स्थित भूमि शीट नम्बर 7 डी, प्लाट नम्बर 52, मोहल्ला मांझापारा कांकेर स्थित भूमि शीट नम्बर 12 बी, प्लाट नम्बर 7/1, प्लाट नम्बर 102, 103/10, 103/1, 103/13 एवं मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर स्थित भूमि शीट नम्बर 2+3/1, 2/29, 2/30 भूमि को शासन के द्वारा नजूल भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में अभिलेखित कर दिया गया है तथा आवेदकगण को स्थायी भूमिस्वामी हक प्रदान न करते हुए नजूल भू-खण्ड के स्थायी पट्टेदार के रूप में मान्यता दी गई है जो भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के अनुसार अनुचित होने से अनुसूची में वर्णित सम्पतियों पर भूमिस्वामी अधिकार आवेदकगण को प्रदान करते हुए तद्नुसार नजूल एवं राजस्व अभिलेखों में विधिवत् संशोधन किये जाने आदेश पारित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालय कलेक्टर जिला- कोरबा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: अधिसूचना ::-

क./ 26 / भू-अर्जन / 202010050400006 अ 82/2024 कोरबा, दिनांक 01/01/2026

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की बोकरदा जलाशय योजना के माईनर नहर निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है -

अनुसूची

भूमि का वर्णन -
1. जिला - कोरबा
2. तहसील - करतला
3. ग्राम / नगर - बेहरचुंवा
4. भूमि का क्षेत्रफल - **1.343 हे.**

ख.नं.	रकबा (हे.में)	ख.नं.	रकबा (हे.में)
32, 34	0.089	265	0.040
254/1	0.036	271/1	0.036
253	0.065	271/3	0.036
252	0.073	271/2	0.036
251	0.036	267/3	0.004
248	0.036	270	0.097
249	0.053	323	0.069
260/1	0.053	321	0.040
258	0.061	318	0.049
259	0.004	322	0.004
260/2	0.040	320/1	0.032
260/3	0.040	320/2	0.032
260/4	0.040	319	0.105
260/5	0.036	317/1	0.008
263	0.089	**योग 30**	**1.343**
261	0.004		

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू अर्जन अधिकारी
कोरबा, जिला-कोरबा

(कुणाल दुदावत)
कलेक्टर, जिला कोरबा एवं
पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी- 252605864/3

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में बाल विज्ञान पर्व 2026 का आयोजन

भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवोन्मेषक इसी प्रकार के मंचों से तैयार होते : प्रो. संजय अग्रवाल

बिलासपुर /नवप्रदेश। डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शोध शिखर कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विज्ञान पर्व 2026 का आयोजन किया गया। इस विज्ञान पर्व का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷इनोवेशन फॉर इंपैक्टः एडवांसिंग ग्रीन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबल गोल्स फ़ॉर विकसित भारत÷ रखा गया, जो वर्तमान समय की वैश्विक और राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप है।

इस बाल विज्ञान पर्व में प्रदेश के 50 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 285 विद्यार्थियों ने अपने-अपने विज्ञान मॉडलों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कक्षा 9वीं से 12वीं के स्तर पर रहते हुए जिस प्रकार से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल, रचनात्मक और उपयोगी रूप में प्रस्तुत किया, उसने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रभावित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि इग्नू के प्रोफेसर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के विज्ञान पर्व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है, बल्कि वे समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझते हैं। भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवोन्मेषक इसी प्रकार के मंचों से तैयार होते हैं। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि कि आज का भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब उसकी युवा पीढ़ी विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगधर्मी शिक्षा अपनाने और समाज की समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर सबके सामने रखा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेंट, ओजोन परत संरक्षण, बिजली बचत और ग्रीन एनर्जी से जुड़े कई प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किए। कुछ छात्रों ने सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों का प्रदर्शन किया, जो कम लागत में अधिक ऊर्जा उत्पादन की क्षमता दिखाते हैं।

पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

कक्षा 9वी
प्रथम पुरस्कार- पीएम श्री डीकेपी कोटा,
द्वितीय पुरस्कार -आधारशिला स्कूल बिलासपुर
तृतीय पुरस्कार -इंडस पब्लिक स्कूल कोरबा

कक्षा 10वीं
प्रथम पुरस्कार- इंडस पब्लिक स्कूल कोरबा
द्वितीय पुरस्कार -गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरा
-तृतीय पुरस्कार- गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरा

कक्षा 11वीं
प्रथम पुरस्कार- पीएम श्री डीकेपी कोटा।
द्वितीय पुरस्कार- सेंट विंसेंट पालिटी स्कूल बिलासपुर
तृतीय पुरस्कार- गवर्नमेंट स्कूल उसलापुर

कक्षा 12वीं
प्रथम पुरस्कार -भारत माता स्कूल बिलासपुर
द्वितीय पुरस्कार- भारत माता स्कूल बिलासपुर
तृतीय पुरस्कार- कर्नल अकैडमी स्कूल बिलासपुर,

हाईकोर्ट के डिवीजन बैंच ने फैमिली कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी

कानूनी सहायता के लिए आवेदन जरूरी नहीं मौखिक आग्रह पर भी कोर्ट को मदद करनी चाहिए: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय जायसवाल की डिवीजन बेंच ने पारिवारिक विवादों के मामले में फैमिली कोर्ट की जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। डिवीजन बेंच ने कहा कि, अगर कोई पक्षकार खासकर महिलाएं या आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष वकील करने में असमर्थ है, तो फैमिली कोर्ट की यह जिम्मेदारी है कि उसे तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

सिर्फ यह कह देना कि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकर आवेदन दें, यह उचित नहीं है। फैमिली कोर्ट की जिम्मेदारी केवल मामले निपटाना नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चों को न्याय दिलाना महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट ने प्रकरण में फैमिली कोर्ट को महिला के तलाक के केस की दोबारा सुनवाई करने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में फैमिली कोर्ट के रवैए पर कड़ी नाराजगी भी जाहिर की है। डिवीजन बेंच ने कहा कि, कानूनी सहायता के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना जरूरी नहीं है। मौखिक आग्रह पर भी कोर्ट को मदद करनी चाहिए। वकील न देना संविधान के अनुच्छेद 21 यानी जीवन जीने और स्वतंत्रता के अधिकारों का हनन है। दरअसल, जांजगीर-चांपा के फैमिली कोर्ट में दंपती के बीच तलाक का मामला पिछले लंबे समय से पेंडिंग है। पत्नी ने फैमिली कोर्ट में मौखिक रूप से कहा था कि, वह आर्थिक तंगी के कारण वकील नहीं कर सकती। इसके अलावा ओडिशा से बार-बार पेशी के लिए जांजगीर नहीं आ सकती। लेकिन फैमिली कोर्ट ने उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाने की सलाह दी और अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। इसके बाद जब महिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नहीं पहुंचीं, तो कोर्ट ने उन्हें एक्स पार्टी घोषित करते हुए पति के पक्ष में तलाक की डिक्री जारी कर दी। इस फैसले के खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि, छत्तीसगढ़ फैमिली कोर्ट रूल्स 2007 के नियम 14 के तहत हर कोर्ट को वकीलों का एक पैनल रखना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद दी जा सके।

परिवार न्यायालय के लिए गाइडलाइन जारी

हाईकोर्ट ने प्रदेश के फैमिली कोर्ट के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत सभी फैमिली कोर्ट को वकीलों का अपना अलग पैनल बनाना होगा। अब कोर्ट पक्षकारों को सिर्फ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नहीं भेजेंगे, बल्कि अपने पैनल से खुद वकील नियुक्त कर सहायता देंगे। इन वकीलों की फीस का भुगतान राज्य सरकार के राजस्व से किया जाएगा।

छात्र-शिक्षिका को कुत्ता काटने मामले में हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से मांगा जवाब

स्कूल परिसर में आवारा कुत्तों ने एक छात्र और दो शिक्षिकाओं को काटने की घटना को संज्ञान में लेते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ जवाब देने का आदेश दिया है। क्षितिज याचिका की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 9 जनवरी की तिथि तय कर दी है. बिलासपुर के खमतराई के प्राइमरी स्कूल में आवारा कुत्ते घुस गए थे। कुत्तों ने पहले एक छात्र को अपना शिकार बनाया, छात्र को बचाने आई दो शिक्षिकाओं को भी बुरी तरह काट लिया था। मीडिया रिपोर्ट को हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया। इसे गंभीरता से लेते हुए हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ जवाब देने को कहा है। उन्हें बताने को कहा गया है कि स्कूलों में ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसके अलावा मुख्य सचिव को भी पिछली सुनवाई के आदेशों के पालन में नया शपथ पत्र देने को कहा गया है।

राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा में अनियमितता हाईकोर्ट ने प्रक्रिया को किया निरस्त

हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पद पर आयोजित पदोन्नति परीक्षा को निष्पक्षता के अभाव में निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और पक्षपात के संकेत मिलने की बात कही है। इस फैसले के बाद 216 पटवारियों को दी गई पदोन्नति स्वतः समाप्त हो जाएगी। जस्टिस एनके व्यास ने अपने फैसले में कहा है कि पदोन्नति परीक्षा प्रणाली दूषित थी और चयन प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं थी। कोर्ट ने माना कि परीक्षा और चयन प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं, जिनसे परीक्षा की विश्वसनीयता और पवित्रता पर सवाल खड़े होते हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड और याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद, कदाचरण और पक्षपात किया गया। कोर्ट ने माना कि परीक्षा न तो समान अवसर के सिद्धांत पर आधारित थी और न ही यह प्रशासनिक पदोन्नति के मानकों पर खरी उतरती है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि राजस्व निरीक्षक का पद एक प्रोफ़ेशनल और जिम्मेदारीपूर्ण पद है, जहां पारदर्शिता और योग्यता सर्वोपरि होनी चाहिए। यदि पदोन्नति की प्रक्रिया ही संदेह के घेरे में हो, तो ऐसे चयन को वैध नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि जब पदोन्नति परीक्षा ही कदाचरण के घेरे में है और दूषित है तब पटवारी से पदोन्नति प्राप्त राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण पर भेजने का प्रश्न ही नहीं उठता। हाईकोर्ट ने राज्य शासन को छूट दी है कि वह पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए नई परीक्षा आयोजित कर सकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी किसी भी चयन प्रक्रिया में परीक्षा की पवित्रता और निष्पक्षता से कोई समझौता न हो।

ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, सट्टा-पट्टी व नकदी जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स बनाम सिडनी थंडर के बीच चल रहे मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अन्य सटोरियों व खाईवालों की पतासाजी शुरु कर दी है। उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों से 2 नग मोबाइल फोन, ऑनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट और नकदी 5,000 हजार जब्त की है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बिग बैश लीग के अंतर्गत एडिलेड स्ट्राइकर्स एवं सिडनी थंडर के बीच चल रहे क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महाराणा प्रताप चौक के पास से अविनाश वाधवानी उर्फ अवि एवं व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास से आयुष अग्रवाल उर्फ आकाश को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर अविनाश वाधवानी के कब्जे से 1 नग मोबाइल फोन, ऑनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट एवं 3 हजार नकद तथा आयुष अग्रवाल के कब्जे से 01 नग मोबाइल फोन, ऑनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट एवं 2 हजार नकद बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

बाइक की टक्कर से मां-बेटी की मौत

थाना सकरी क्षेत्र अंतर्गत कोटा मेन रोड परसदा में तेज और लापरवाहीपूर्वक चल रही मोटरसाइकिल की टक्कर से पैदल जा रही महिला और उसकी मासूम बेटी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा निवासी सोनू लहरे की बहन उर्मिला मनहर पति सुरेंद्र मनहर उम्र 35 वर्ष अपनी बेटी मान्या उम्र 4 वर्ष के साथ दीनदयाल कॉलोनी में एक घर से मुलाकात कर शाम करीब 6.30 बजे पैदल अपने घर लौट रही थी। जैसे ही वे कोटा मेन रोड पर पहुँचीं, सामने से आ रही मोटरसाइकिल तेज गति से लहराते हुए आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला ने चालक को धीमी गति से चलने का इशारा भी किया, बावजूद इसके चालक ने वाहन की रफ्तार कम नहीं की और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उर्मिला और उसकी मासूम बेटी मान्या सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही बेहोश हो गईं।

सकरी में शारीरिक परीक्षण शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। दूसरी वाहिनी, छसबल, सकरी में सूबेदार/ उप निरीक्षक/ प्लाटून कमांडर संवर्ग 2024 के दस्तावेजों के परीक्षण एवं शारीरिक मानक परीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रथम दिन 750 अभ्यर्थियों में 485 अभ्यर्थी उपस्थित हुए शेष 265 अनुपस्थित रहे। यह प्रक्रिया 6 फरवरी तक जारी रहेगी। लोक सेवा आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित दिनांक के अनुसार अभ्यर्थी अपने निर्धारित तिथि को सकरी बटालियन केंद्र में उक्त टेस्ट में शामिल हो सकते हैं।

राष्ट्रीय जंबूरी के लिए 214 रोवर रेंजर रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की 214 सदस्यीय रोवर-रेंजर एवं प्रभारियों की टीम को प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में भाग लेने हेतु बालोद के लिए रवाना किया गया। यह दल 6 से 8 जनवरी तक आयोजित पूर्वाभ्यास शिविर में सहभागिता करेगा, जिसके उपरांत 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में शामिल होगा। रोवर-रेंजर एवं प्रभारियों के दल को आज जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त विजय टांडे तथा जिला मुख्य आयुक्त बिलासपुर चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर सहायक संचालक वर्षा शर्मा एवं अखिलेश मेहता (एमआईएस प्रभारी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला दल प्रभारी रोवर डॉ. प्रदीप कुमार निर्णेजक एवं रेंजर दल प्रभारी लता यादव के नेतृत्व में दल हुए रवाना। अतिथियों ने रोवर-रेंजर्स को शुभकामनाएँ देते हुए जंबूरी में अनुशासन, सेवा एवं नेतृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों एवं अन्य देशों से आए रोवर-रेंजर सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, सेवा गतिविधियों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों एवं साहसिक क्रियाकलापों का आयोजन किया जाएगा।

यह जंबूरी रोवर-रेंजर्स में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

सिम्स में कॉर्निया प्रत्यारोपण का हुआ सफल ऑपरेशन

धान की बाली से जख्मी आंखों में फिर लौटी रोशनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में नेत्र रोग विभाग ने एक बार फिर चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में संस्थान में चार मरीजों का जटिल 'कॉर्निया प्रत्यारोपण' ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे उनके जीवन में फैला अंधेरा दूर हो गया है। चुनौतीपूर्ण स्थिति और उपचार अस्पताल में भर्ती किए गए चारों मरीज (दो महिलाएं और दो पुरुष, उम्र 35 से 50 वर्ष) बिलासपुर जिले के ही निवासी हैं। ये सभी 'फंगल कॉर्नियल अल्सर' से पीड़ित थे, जो धान की कटाई के दौरान आंखों में चोट लगने के कारण हुआ था। संक्रमण इतना गंभीर था कि पुतली पूरी तरह सफेद हो गई थी और असहनीय दर्द के साथ आंखों को निकालने तक की स्थिति बन गई थी। विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता सिंह और डॉ. प्रभा सोनवानी के नेतृत्व में मरीजों को भर्ती कर पहले संक्रमण रोकने का इलाज किया गया और फिर आई बैंक में प्राप्त नेत्रदान की मदद से सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद अब चारों मरीजों की आंखों की रोशनी वापस आ गई है। डॉ. रमणेश मूर्ति अधिष्ठाता, सिम्स 'सिम्स में चिकित्सा सेवाओं को निरंतर आधुनिक और सुलभ बनाया जा रहा है। हमारे नेत्र रोग विभाग की यह सफलता टीम वर्क का परिणाम है। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ी है, जिससे हम जरूरतमंदों को पुनः रोशनी प्रदान कर पा रहे हैं। हम संस्थान में उन्नत तकनीक और बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. लखन सिंह चिकित्सा अधीक्षक, सिम्स 'कॉर्निया प्रत्यारोपण जैसे जटिल ऑपरेशन का सिम्स में सफलतापूर्वक होना हमारे संस्थान की क्षमता को दर्शाता है। हम मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु कटिबद्ध हैं।

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं भावी कार्यदिशाओं पर अनुभवपूर्ण, सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ।

समझौता

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, शोध और शैक्षणिक गतिविधियों में होगा सहयोग

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय और गुरुकुल आईएएस अकेडमी के बीच हुआ एमओयू

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय एवं गुरुकुल आई. ए.एस. अकेडमी के बीच विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक समझौता किया गया है। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्ता पूर्ण तैयारी तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना है।

इस समझौते के तहत संघ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, बैंकिंग, रेलवे एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों को संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशालाएँ और करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। समझौते में यह भी तय किया गया है, कि दोनों संस्थान अपने-अपने शैक्षणिक अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सही दिशा और रणनीति मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय के छात्र गुरुकुल आई.ए.एस.अकेडमी के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठा सकेंगे। शोध, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास पर रहेगा। इस एमओयू का एक प्रमुख उद्देश्य शोध एवं अनुसंधान (रिसर्च) के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना भी है। दोनों संस्थान मिलकर शैक्षणिक शोध, ज्ञान-विकास, नवाचार और अनुभव साझा करने की दिशा में कार्य करेंगे। इससे विद्यार्थियों में अध्ययन के साथ-साथ शोधपरक सोच विकसित होगी और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे।

प्रतिस्पर्धात्मक दौर में डिग्री ही नहीं, बल्कि अनुशासित तैयारी भी जरुरी

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और अनुशासित तैयारी भी अत्यंत आवश्यक है। यह शैक्षणिक समझौता विद्यार्थियों को एक बेहतर मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की ठोस तैयारी कर सकेंगे। दोनों संस्थानों ने विश्वास जताया कि यह सहयोग छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा और बिलासपुर सहित पूरे क्षेत्र में शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा तैयारी के स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। यह समझौता शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम माना जा रहा है।

51 घटनाएं, 10 हत्याएं : बांग्लादेश में हिंदू-बौद्ध-ईसाई समुदायों ने लगाई सुरक्षा की गुहार

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के एक संगठन ने चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई है। 'बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद' ने मंगलवार, 6 जनवरी को एक बयान जारी कर कहा कि दिसंबर, 2025 में कम से कम 51 घटनाओं में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को निशाना बनाया गया, जिनमें हत्या के 10 मामले भी शामिल हैं। परिषद के एक सदस्य काजल देबनाथ ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय उनके खिलाफ हुई घटनाओं से बेहद डरे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, यह सरकार बेहद उदासीन रही है। संगठन द्वारा जारी किए गए बयान में आगजनी, बलात्कार और लूट की घटनाओं का विवरण दिया गया है। देबनाथ ने आशंका जताई कि हमलावर चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों को डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग से कदम उठाने की अपील की. 17 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने हैं। इन चुनावों में इस्लामी कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी, छात्र नेताओं द्वारा बनाई गई नेशनल सिटीजन पार्टी के साथ मिलकर लड़ रही है।

बंगलादेश में होने वाले चुनावों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक नहीं भेजेगा संयुक्त राष्ट्र

न्यूयॉर्क/ढाका (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह बंगलादेश में फरवरी में होने वाले संसदीय चुनावों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों को वहां नहीं भेजेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को कहीं भी चुनाव पर्यवेक्षक भेजने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि उसे संयुक्त राष्ट्र महासभा या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से अधिकृत न किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र ने आखिरी बार 2001 में बंगलादेश के चुनावों का निरीक्षण करने के लिए पर्यवेक्षकों को भेजा था। यह पूछे जाने पर कि क्या संयुक्त राष्ट्र 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय संसदीय चुनावों का निरीक्षण करने के लिए ढाका में पर्यवेक्षकों को भेजेगा, श्री दुजारिक ने पुष्टि की कि वह ऐसा नहीं करेगा। उन्होने कहा नहीं। हम ऐसा नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र खुद पर्यवेक्षकों को तब तक नहीं भेजता जब तक कि महासभा या सुरक्षा परिषद से कोई जनादेश न हो। इसलिए अब हम ऐसा नहीं करते हैं।उन्होंने हालांकि कहा कि संयुक्त राष्ट्र जुड़ाव के अन्य रूपों पर विचार कर सकता है। उन्होंने कहा, मैं आपके लिए यह जांच कर सकता हूं कि क्या संयुक्त राष्ट्र को संबंधित देश कोई तकनीकी सहायता दे रहा है, जो हम अक्सर चुनावों के मामले में करते हैं।

ममता बनर्जी का सनसनीखेज आरोप

एसआईआर में ईसी भाजपा आईटीसेल के एप का कर रही उपयोग

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य में एसआइआर प्रक्रिया को संचालित करने के लिए भाजपा के आइटी सेल द्वारा विकसित मोबाइल एप का उपयोग कर रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले के सागरद्वीप में आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने दो दिवसीय दौरे के समापन से पहले उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हर तरह के गलत हथकंडे अपना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा

है और बुजुर्गों, बीमारों तथा अस्वस्थ लोगों को सुनवाई में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। इसके लिए वह भाजपा के आइटी प्रकोष्ठ द्वारा विकसित मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है। यह गैरकानूनी, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। यह अब और नहीं चल सकता। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह आरोप उस दिन लगाया, जब उनकी पार्टी के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि बंगाल में एसआइआर के लिए मनमानी और अनियमित कार्रवाइयों का सहारा लिया है।

दिल्ली पत्थरबाजों के खिलाफ कार्रवाई, पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया। इस हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान का काम तेजी से जारी है। प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई उपद्रवियों को हिरासत में भी लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जो भी लोग इस घटना में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही थी, लेकिन कुछ लोगों ने इसे हिंसक रूप देकर कानून व्यवस्था को चुनौती दी।

पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (सेंट्रल रेंज), मधुर वर्मा ने कहा, 'पत्थर फेंकने वालों को दो-तीन मिनट में भगा दिया गया, पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।' सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट डीसीपी नितिन वलसन ने कहा, 'रात में एमसीडी के कर्मचारी जेसीबी लेकर आए थे। हमने लोगों को बताया कि यह कोर्ट का आदेश है और वे इसके खिलाफअपील कर सकते हैं। उन्होंने अपील की, लेकिन उन्हें स्टे ऑर्डर मिला। 25-30 लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। जवाबी कार्रवाई में, हमने उन्हें पीछे हटाने के लिए बल का इस्तेमाल किया। इस पत्थरबाज़ी में पांच पुलिस अधिकारी घायल हो गए। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। हमने संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। तोड़फोड़ का काम एमसीडी कर रही है। जितना काम होना था, उतना हो गया है, और काम अभी भी जारी है। हमने कल ड्रोन कैमरे भी लगाए थे, हम सभी कैमरों की जांच कर रहे हैं।'

पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया

दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। एफआईआर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है।

सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी : भाजपा

❑ इतिहास के दस्तावेज साझा कर भाजपा ने किया दावा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि, इस पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था।

नेहरू ने भारत की विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की

भाजपा नेता का तर्क है कि यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का सामना करने के स्थान पर नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने के लिए हिंदू ऐतिहासिक प्रतीकों को कमतर आंका।

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक- कानून को चुनौती देने आ जाते हैं अमीर, आम लोगों जैसे ट्रायल झेलो

नई दिल्ली(ए.)। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अमीर कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत लोग केस दर्ज होने के बाद उस कानून को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख करते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने इस बढ़ते 'ट्रेंड' पर चिंता भी जाहिर की है।

शीर्ष न्यायालय में सीजेआई कांत और जस्टिस जॉयमाला की बेंच सुनवाई कर रही थी। दिल्ली के वकील गौतम खैतान की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी, जिनके खिलाफ अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर डील मामले में केस दर्ज हुआ है। उनकी तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट पहुंचे थे।

खैतान ने PMLA यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी है। इसपर सीजेआई ने कहा, 'यह बहुत ही दुर्लभ ट्रेंड चल रहा है कि जब ट्रायल चल रहा हो तब... अमीर और प्रभावशाली कानून को चुनौती देने के लिए कोर्ट आते हैं। किसी भी अन्य नागरिक की तरह ट्रायल का सामना कीजिए।' कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि कानूनी प्रावधानों को पहले दी गई चुनौतियां अभी लंबित हैं।

इंदौर में दूषित पानी से महामारी जैसा संकट

3200 से अधिक मरीज प्रभावित, राष्ट्रीय संस्थानों की टीमें जांच में जुटीं

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण उल्टी-दस्त की महामारी जैसी स्थिति बन गई है। यह राज्य में पहली बार है जब किसी सीमित क्षेत्र में इतनी कम अवधि में इतनी बड़ी संख्या में लोग एक ही बीमारी से प्रभावित हुए हैं। अब तक 3200 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई परिवारों में सभी सदस्य बीमार पड़ गए हैं, जिससे पूरा इलाका स्वास्थ्य संकट की चपेट में है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के कारण सीवेज का गंदा पानी मिल गया, जिससे फीकल कोलिफॉर्म बैक्टीरिया जैसे खतरनाक तत्व पानी में पहुंचे। इससे डायरिया और उल्टी का प्रकोप तेजी से फैला। हालांकि मौतों के आंकड़ों में विवाद है– सरकारी तौर पर 6-7 मौतों की पुष्टि की गई है, जबकि स्थानीय लोग और कुछ रिपोर्ट्स 15-17 मौतों का दावा कर रही हैं।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

चांदी नया रिकॉर्ड बनाकर मुनाफावसूली के कारण ऊपरी स्तरों से फिसली,सोने में दिखा बदलाव

मुंबई। बुलियन मार्केट में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों ने वायदा बाजार में 2,59,692 रुपये प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, लेकिन इसके बाद गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले व्यापारियों की ओर से की गई भारी मुनाफावसूली के चलते चांदी की

कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का अनुबंध चार दिनों की लगातार तेजी को थामते हुए 4,161 रुपये या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,54,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले, बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी 881 रुपये या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,692 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया था, जब यह 13,167 रुपये (5.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,59,322 रुपये के स्तर पर पहुंची थी और 2,58,811 रुपये पर बंद हुई थी।

45 अरब डॉलर के आईपीओ शेयरों का लॉक होगा खत्म

मुंबई। शेयर बाजार में हाल के आईपीओ से जुड़ा एक अहम चरण अब सामने आने वाला है। नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच करीब 45 अरब डॉलर मूल्य के आईपीओ शेयरों का लॉक-इन पीरियड समाप्त होने जा रहा है। यह वह अवधि होती है, जिसमें लिस्टिंग से पहले के शेयरधारकों को अपने शेयर बेचने की अनुमति नहीं होती। रिपोर्ट के अनुसार, 6 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 के बीच कुल 96 कंपनियों में प्री-लिस्टिंग शेयरधारकों का लॉक-इन खत्म होगा। इस दौरान जिन शेयरों पर लॉक-इन खुलेगा, उनकी कुल वैल्यू करीब 45 अरब डॉलर आंकी गई है। हालांकि, नुवामा ने यह भी स्पष्ट किया है कि लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि ये सभी शेयर तुरंत बाजार में बिकने आ जाएंगे।

आईसीसी का सख्त रुख, भारत में ही खेलने होंगे बांग्लादेश के मैच

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की उस मांग को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच भारत से श्रीलंका शिफ्ट करने की गुहार लगाई थी. क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने बीसीबी को साफशब्दों में बता दिया है कि सुरक्षा के नाम पर मैच शिफ्ट नहीं किए जाएंगे. मंगलवार को आईसीसी और बीसीबी के बीच एक वर्चुअल मीटिंग हुई थी, जिसमें यह फैसला सुनाया गया. इस फैसले के बाद अब बांग्लादेश टीम के पास भारत आकर खेलने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। खेलो या प्वाइंट्स गवाओ रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने बीसीबी को दो टूक शब्दों में कह दिया है

कि उनकी सीनियर पुरुष टीम को टी20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने के लिए भारत की यात्रा करनी ही होगी. अगर बांग्लादेश की टीम भारत आने से मना करती है, तो उन्हें अपने प्वाइंट्स गवाने पड़ेंगे और टूर्नामेंट में उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा. हालांकि, अभी तक आईसीसी या बीसीबी की तरफसे इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि आईसीसी ने अपना रुख साफकर दिया है।

धुरंधर पुष्पा 2 को पछाड़कर बनी हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म

मुंबई। रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर. माधवन अभिनीत फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पुष्पा 2: द रूल को पीछे छोड़ते हुए भारत की अब तक की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस सफलता पर अब यश राज फिल्म्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है और मेकर्स और फिल्म की जमकर तारीफकी है।

बॉलीवुड की दिग्गज प्रोडक्शन कंपनी यश राज फिल्म्स (YRF) ने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखा, "धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह भारतीय सिनेमा का एक यादगार पल है. आदित्य धर और Jio Studios को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनाने के लिए बधाई।" YRF ने आदित्य धर की कहानी और निर्देशन की भी तारीफ की और इसे इंडस्ट्री में नया मानक बताया।

कलाकारों और टीम की तारीफ

YRF ने फिल्म के सभी कलाकार और तकनीशियनों को भी सराहा. उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने मेहनत और लगन से फिल्म को सफल बनाया। पोस्ट में सभी को "धुरंधर" कहा गया, जिन्होंने फिल्म को यादगार बनाने में अपना सब कुछ दिया।

'मुन्ना त्रिपाठी' की वापसी से फिर मचेगा भौकाल

मुंबई। मीर्जापुर द फिल्म को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट लगातार बढ़ती जा रही है और इसकी सबसे बड़ी वजह है दिव्येंदु की अपने आइकॉनिक किरदार मुन्ना त्रिपाठी के रूप में वापसी. दिव्येंदु ने हाल ही में इस रोल में लौटने के एक्सपीरियंस को "अवास्तविक और लगभग दूसरी जिंदगी जैसा" बताया है। आइए बताते हैं उन्होंने और क्या कुछ कहा। एक्टर कहते हैं, "वही लोग, वही दुनिया सब कुछ अचानक वापस आ जाता है. ऐसा लगता है जैसे कुछ भी बदला नहीं है. एनर्जी अपने आप लौट आती है, क्योंकि हम पूरी ताकत के साथ वापस आ रहे हैं।" हालांकि, इस एक्साइटमेंट के साथ उनके मन में हल्की घबराहट भी है।

न्यूज गैलरी

नाबालिग के परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप, एसपी से शिकायत

कोरबा/नवप्रदेश। एक नाबालिक छात्रा के परिजनों ने पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध वसूली कर परिवार को धमकाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है और मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी सान्ही निवासी एक ग्रामीण ने 26 नवंबर की दोपहर 2 बजे के आसपास उसकी नाबालिग पुत्री पसान साप्ताहिक बाजार जाने के नाम पर घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी थी। परिचितों के पास पूछताछ करने पर वह किसी शनि नामक लड़के के साथ देखे जाने की सूचना मिली। इस घटना की शिकायत परिजनों द्वारा थाना पसान में किया गया किन्तु उनके द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट पर शनि नामक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति दर्शाया गया है। बयान दर्ज नहीं होने पर परिवार जब वापस लौटा तो उसकी पुत्री ने उन्हें बताया कि थाना पसान के पुलिस कर्मियों ने 10 हजार रुपए की राशि व बकरा देने की बात कही गई थी। उसकी पुत्री घर लगभग आधा घंटा रही और फिर रात को ही घर से बिना बताये लापता हो गई है। पीडित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत कर जांच की गुहार लगाई है।

कोरबा की डायलिसिस यूनिट से 574 मरीजों को मिला नि:शुल्क लाभ

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृव में जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों में बडी पहल के रूप में जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) कोरबा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा संचालित किया जा रहा है। इस यूनिट में अत्याधुनिक 9 डायलिसिस मशीनों की स्थापना होने से समय स्थानीय स्तर पर गंभीर किडनी रोगियों के को उपचार की सुविधा का लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय कोरबा में डॉयलिसस यूनिट प्रारंभ होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बडी राहत है क्योंकि गरीब परिवार के रोगियों को किडनी (गुर्दे) का इलाज असंभव होता था। उनके लिए डायलिसिस कराना ही मुख्य रास्ता बचता था, इसके लिए दूर दराज के शहरों में जाकर उपचार कराते थे लेकिन इसके लिए हर महीने हजारों रूपये की आवश्यकता होती है। ऐसे मे जिला चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट प्रारंभ होने से किडनी के मरीजों को अब अपने शहर में ही सस्ती या मुफ्त डायलिसिस सुविधा मिल रही है। जिले के डायलिसिस यूनिट में 9 मशीने संचालित है अभी तक 36520 सत्रों में 574 मरीजों को अभी तक निःशुल्क उपचार मिल चुका है।

मारपीट मामले में पुलिस ने 24 लोगों को भेजा जेल

रायगढ़/नवप्रदेश। किरोड़ीमलनगर में पिता. पुत्र पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस की इस कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल 4 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 किरोड़ीमलनगर निवासी गोविंद राम नेताम 45 वर्ष ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसके मोहल्ले के पीछे वरुण सिंह द्वारा गैलवे कंपनी के लिए दूसरे प्रांत से लाए गए मजदूर रह रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 4 जनवरी की दोपहर प्रार्थी के पुत्र छवि नेताम पर गैलवे कंपनी से जुड़े कुछ युवकों द्वारा जबरन साथ में काम करने का दबाव बनाया गया। जब छवि नेताम में ने काम करने से इनकार किया तो आरोपियों द्वारा गाली. गलौच करते हुए मारपीट की गई। मारपीट शामिल आरोपियों में बुधमन उरांव, मंगलदीप उरांव, मनोज उरांव, प्रकाश गोप, अरुण करमाली, दीपक उरांव, कार्तिक उरांव एवं अशोक उरांव के नाम सामने आए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतरारोड़ में धारा 109,1 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज किया गया।

रायगढ़ में चोरों का आंतक, एक ही दिन में टूटे दो घरों के ताले

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में एक बार फिर से चोरो नें सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार को चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात चोरों के द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। दोनों ही परिवार घर में ताला लगाकर त्योहार मनाने बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर कैश और जेवरात पार कर दिए। वहीं इस मामले में संबंधित थानों में अपराध दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। पहला मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है, जहां मिदुरुमुड़ा के रहने वाले शिव कुमार साव (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे पीडी कॉमर्स कॉलेज में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की सुबह वह परिवार के साथ बड़े भंडार त्योहार मनाने गए थे। सोमवार को घर लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉकर तोड़ा गया था और उसमें रखे 80 हजार रुपए कैश और 1 लाख 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। आसपास पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर शिव कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। रामभांठा के रहने वाले अनिल कुजूर नें अपराध दर्ज कराते हुए बताया कि, वह 26 दिसंबर को अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने गृह ग्राम बासाडीह (जिला जशपुर) गए थे। अगले दिन उनके मकान मालिक ने फोन पर सूचना दी की मकान का ताला टूटा है।

ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा के उरगा थाना अंतर्गत सरबुंदिया गांव में एक 48 वर्षीय मजदूर, मुखी राम केवट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है। पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुखी राम केवट गांव में ही ईंट भट्ठे पर मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार की शाम को वह रोज की तरह काम करके घर लौटा और अपने कमरे में सो गया। मृतक के बेटे राहुल केवट ने बताया कि रात में जब वह घर पहुंचा तो उसे लगा कि उसके पिता शराब के नशे में सो रहे हैं। जब उसकी मां बाजार से लौटीं और खाना बनने के बाद मुखी राम को उठाने गईं, तो उन्होंने खाट के नीचे एक बोतल देखी। जब मुखी राम नहीं उठे, तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। आनन-फानन में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कमरे से एक प्लास्टिक की थैली में सुहागा नमक (जहर) मिलने से जहर सेवन की आशंका जताई जा रही है।

सियासी बवंडर के बीच हजारों कैडेट्स पहुंचे, पांच सौ विदेशी मेहमान भी आए

बालोद जिले के दुधली में स्काउट-गाइड जंबूरी की तैयारियां पूरी

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के दुधली गांव में 9 जनवरी से आयोजित होने जा रही इंडिया स्काउट्स एंड गाइड्स की राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा की अंदरूनी खींचतान के बीच कार्यक्रम पर सवाल उठे, लेकिन स्काउट गाइड्स संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी दावों का खंडन किया है।

8 हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल: राज्य सचिव सहित स्काउट गाइड्स के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि इस समय देशभर से 5,000 से अधिक युवा प्रतिभागी जम्बूरी स्थल पर पहुंच चुके हैं। आने वाले दिनों में यह संख्या 8,000 प्रतिभागियों तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा विदेशों से भी 500 से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं।

विवादों पर लगाया विराम, आयुक्त का बयान: कार्यक्रम को लेकर पिछले दिनों राजनीतिक विवाद और अंदरूनी कलह की खबरें सामने आई थीं। इस पर स्काउट गाइड्स के आयुक्त ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर सभी खबरों का खंडन किया और स्पष्ट कहा कि, 'आयोजन किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं होगा।' राज्य आयुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम स्काउटिंग-गाइडिंग की प्रतिष्ठा और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता से जुड़ा अहम आयोजन है।

स्थल पर चल रही सक्रिय तैयारियाँ

स्थल पर बड़े पैमाने पर कैंपिंग व्यवस्थाएं, सुरक्षा इंतजाम, चिकित्सा सुविधाएं, स्टेज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां तेजी से चलती दिखीं। वहीं, दूर-दूर से आए बच्चों और युवा स्काउट्स से बातचीत में सभी ने उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि, आयोजन सुचारू रूप से जारी है और यहां माहौल बेहद सकारात्मक है।

अंतरराष्ट्रीय सहभागिता से बढ़ेगी चमक

जम्बूरी में विदेशों से आने वाले 500 मेहमान कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग देंगे। संगठन का दावा है कि यह अब तक का छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्काउट-गाइड्स आयोजन साबित होने वाला है।

बदल गई कांवड़गांव की किस्मत

45 साल तक नक्सल कब्जे में रहा इलाका, अब मिल रहीं सभी सरकारी सुविधाएं

बीजापुर/नवप्रदेश। 45 सालों तक बंदूकों के साय में खून खराबे के बीच अगर आपको सुविधाओं के लिए तरसना पड़े तो यह जिंदगी किसी नरक से कम नहीं होगी। आज हरिभूमि आप सब तक एक ऐसे ही गांव की दास्तान लेकर आ रहा है, जिसे पढ़कर या जानकर आप भी दंग रह जाएंगे।

इस तरह इतने वर्षों तक आजाद भारत में भी ग्रामीण लाल आतंक के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहे। उन्हें ना तो शहर आने की अनुमति थी और ना ही शहर के लोगों को उस गांव तक जाने की अनुमति थी। इस इलाके में नक्सली अपनी सरकार चलाते थे। वे खुद लोकतंत्र को नहीं मानते थे और ग्रामीणों को भी लोकतंत्र से दूर रखा करते थे। परंतु अब ग्रामीणों का 45 वर्षों का इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले गंगालूर इलाके के कावड़गांव तक अब बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो चुका है। यही नहीं बल्कि इस इलाके के ग्रामीणों के पास भारत के नागरिक होने का कोई भी प्रमाण नहीं था। परंतु अब सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण उन्हें देश की नागरिकता के प्रमाण भी मिल रहे हैं। यहां शिविर लगाकर ग्रामीणों के राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। जो कभी घर के खपरैल में या मिट्टी के बर्तनों में पैसे रखा करते थे, उन सभी ग्रामीणों के बैंक अकाउंट खोले जा रहे हैं।

डर के साय में बीत रहा था ग्रामीणों का जीवन

बता दें कि, पूरे 50 बरस तक माओवाद के प्रभाव और आईईडी धमाकों की गूँज ने यहाँ के ग्रामीणों के दिलों में ऐसा भय भर दिया था कि, सुख, शांति और निडर होकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हुए जीवन जीना मानो एक अधूरा सपना बनकर रह गया था। हर रात डर के साथ और सन्नाटे की चादर गांव को घेर लेती थी। लेकिन नियद-नेल्लानार ग्राम में सम्मिलित होने के बाद कावड़गांव फिर से साँस ले रहा है। जहाँ कभी खामोशी ही डर का रूप लेकर छाई रहती थी, वहीं आज हलबी-गोंडी गीतों की मधुर धुनों के बीच ग्रामीण श्रमिक महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों में जुटकर सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

अब सारी सुविधाएं गांव में ही

अब इस इलाके के ग्रामीण 45 सालों के बाद सरकार की मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं और शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। गांव में अब स्कूल, आंगनवाड़ी ,राशन दुकान, सड़क, पानी, बिजली सभी सुविधाएं सुरक्षा के साथ कराई जा रही है। कावड़गांव तक अब चमचमाती सड़क बन चुकी है। कभी इस गांव तक जाने के लिए पगडंडी और जंगल के रास्ते पैदल सफर तय करना पड़ता था।

सभी परिवारों के शत-प्रतिशत जॉब कार्ड भी बनाए गए

सड़क और परिवहन व्यवस्था, बिजली एवं ऊर्जा, जल आपूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, पक्के आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है। ग्रामीण स्वच्छता एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं। नई उमंग, नए विश्वास और नए सपनों के साथ यहाँ की जिंदगी एक बार फिर से खिल उठी है।

रायगढ़ में शिक्षक के नाम पर लाखों का लोन लेकर धोखाधड़ी

रायगढ़/नवप्रदेश। के रायगढ़ जिले में एक सरकारी शिक्षक के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक आरोपी ने शिक्षक के नाम पर विभिन्न बैंकों से बड़ी रकम का लोन निकाला और फिर किस्तों का भुगतान बंद कर दिया। पीड़ित शिक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना खरसिया थाना क्षेत्र में हुई है, जहां शिक्षक लोकनाथ रात्रे ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका परिचय ग्राम सपिया निवासी विद्याचरण गोरे से था, और उनके मामा गिरीश कुमार जोल्हे ने मई 2024 में उनसे संपर्क किया। गिरीश कुमार ने शिक्षक को विश्वास में लेकर उनके नाम पर लोन निकालने और किस्तों का भुगतान स्वयं करने का प्रस्ताव दिया, जिसके बदले में 35 प्रतिशत राशि देने का वादा किया। शिक्षक के दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए, गिरीश कुमार जोल्हे ने चोला मण्डलम, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक से कुल 27 लाख 25 हजार रुपये का लोन निकाला।

छत्तीसगढ़ में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर कार्यवाई, बिक्री-स्टौरेज बैन!

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। वहीं अब राज्य शहरी विकास प्राधिकरण ने राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, बिक्री और स्टोरेज पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण और कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों, व्यापारियों और प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

सिंगल-यूज प्लास्टिक को लेकर पर सूडा की सख्ती: दरअसल, राज्य शहरी विकास अभिकरण ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए नई और सख्त एडवाइजरी जारी की है। इस कदम का मुख्य मकसद गंभीर पर्यावरणीय नुकसान को रोकना और सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह खत्म करना है। इस मुद्दे पर शहरों में जागरूकता अभियान चलाने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

नियम तोड़ने वालों पर लगेगा जुर्माना: निर्देशों के अनुसार राज्य के किसी भी हिस्से में सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल, स्टोरेज या बिक्री नहीं की जा सकती। अधिकारियों को बाज़ार इलाकों, दुकानों और गोदामों का अचानक इंस्पेक्शन करने का आदेश दिया गया है। अगर कोई व्यापारी या नागरिक बैन प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है, तो उस पर तुरंत जुर्माना लगाया जाएगा और गंभीर मामलों में उसके बिजनेस लाइसेंस को रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्वच्छता दीदियों की भूमिका, घर-घर पहुंचेगा संदेश: सूडा ने साफ कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को आम लोगों तक पहुंचाने में स्वच्छता दीदियां अहम भूमिका निभाएंगी। डोर-टू-डोर अभियान के जरिए नागरिकों को कपड़े के थैले, जूट बैग और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उद्देश्य साफ है प्लास्टिक की आदत बदले और टिकाऊ विकल्प अपनाए जाएं।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बड़ी ठगी

1 लाख इन्वेस्टमेंट पर पहले 30 हजार दिया प्रॉफिट, फिर 2 करोड़ की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें ओडिशा के एक बिजनेसमैन से 2 करोड़ का फ्रॉड किया गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने शुरू में छोटे इन्वेस्टमेंट पर ज़्यादा रिटर्न का वादा करके कारोबारी को अपने जाल में फंसाया।

उन्होंने पहले उससे 1 लाख इन्वेस्ट करवाए और फिर 30,000 एक्स्ट्रा लौटाकर उसका भरोसा जीत लिया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों को 2 करोड़ कैश दे दिए। पैसे मिलते ही आरोपियों ने अपना टेलीग्राम ग्रुप बंद कर दिया और फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, ठगों ने बड़ी चालाकी से कारोबारी का भरोसा जीत लिया। शुरुआत में उनसे 1 लाख रुपये का निवेश कराया गया और उस पर 30 हजार रुपये का मुनाफा लौटाया गया। इस छोटे से प्रॉफिट से बिजनेसमैन का भरोसा और पक्का हो गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे 2 करोड़ इन्वेस्ट करने पर 40 लाख के नेट प्रॉफिट का वादा करके लालच दिया।

मामले की जांच में जुटी पुलिस

इस मामले को लेकर देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने बताया कि ओडिशा के बिजनेसमैन नेमीचंद जैन को रायपुर बुलाया गया और फिर उनके साथ धोखाधड़ी की गई। जब पीड़ित को पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है, तो उन्होंने देवेंद्र नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपियों अर्चना अग्रवाल, विकास साहू, सुमिन नंदा, अजय त्रिपाठी और अजीत पात्रा के खिलाफनामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस की स्पेशल टीमें अब इन साइबर फ्रॉड करने वालों की तलाश कर रही हैं।

ओडिशा से ला रहे थे 5 क्विंटल 20 किलो गांजा, 3 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

एंबुलेंस से 2.60 करोड़ का गांजा नागपुर ले जाते 3 पकड़ाए

■ दवा का कार्टून और प्लास्टिक बोरियों भरा था गांजा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कोमाखान में पुलिस ने एक एंबुलेंस से 5 क्विंटल 20 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत 2.60 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, तस्कर गांजे को ओडिशा के भवानीपटना से महाराष्ट्र के नागपुर ले जा रहे थे। तस्करी के लिए उन्होंने महाराष्ट्र पासिंग एंबुलेंस पर ओडिशा की फर्जी नंबर प्लेट (ह्रष्ठ 02, ङ्ग 5501) का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन समेत गांजा जब्त कर लिया है।

एंटीनाकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की फोर्स कंपनी की ट्रैवलर्स एंबुलेंस में अवैध रूप से गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने टेमरी नाका पर नाकेबंदी की। ओडिशा के भवानीपटना की ओर से महासमुंद आ रही एंबुलेंस को रोका गया। वाहन में सागर वाघ (26, निवासी जालना, महाराष्ट्र), संजीव आहिरे (45, निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र) और सुशील दामाड़े (20, निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र) सवार थे। पूछताछ करने पर तीनों ने गोलमोल जवाब दिए। एंबुलेंस की तलाशी लेने पर उसमें दवा के 16 कार्टून और 14 प्लास्टिक बोरियों में 5 क्विंटल 20 किलो गांजा भरा मिला। पुलिस ने गांजे के साथ-साथ 4 मोबाइल फोन और एंबुलेंस को भी जब्त कर लिया। जब्त किए गए कुल सामान की कीमत 2,65,10,500 रुपये आंकी गई है। आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार सिंघोड़ा, बसना और सांकरा थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके दौरान 5 जनवरी को सिंघोड़ा पुलिस ने एक ऑटो से 26 किलो गांजा जब्त किया। गहन जांच में मुख्य सप्लायर बौद्ध, ओडिशा निवासी संबित मलिक को गिरफ्तार किया गया। बाद पुलिस ने नागपुर (महाराष्ट्र), जालौन (उत्तर प्रदेश), बालाघाट व जबलपुर (मध्य प्रदेश) से जुड़े तस्करों को रंगे हाथों दबोच लिया और तस्करी में प्रयुक्त 2 कार, 3 बाइक, एक स्कूटी व एक ऑटो कुल 10.40 लाख रुपये मूल्य के वाहन पुलिस ने जब्त किया है। इसी कड़ी में रायपुर निवासी वाहन मालिक हर्षित सक्सेना को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी स्कूटी का उपयोग तस्करी में किया जा रहा था।

पूरे नेटवर्क को बेनकाब किया

नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगाम कसने के लिए एंटी नारकोटिक्स फोर्स और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से बीते 15 दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए 6 अलग-अलग मामलों में कुल 113 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 47 लाख 15 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई करते हुए ओडिशा स्थित मुख्य सप्लायर तक अपनी पहुंच बनाई और पूरे नेटवर्क को बेनकाब कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com